
www.tamsasanket.com
वर्ष: 06 || अंक 91 || लखनऊ
बुधवार
01 जुलाई 2026 || पृष्ठ: 04 || मूल्य: ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
दैनिक
# तमसा संकेत
https://epaper.tamsasanket.com
लखनऊ व अम्बेडकर नगर से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 05:016
सूर्यास्त: 07:04
अधिकतम: 32°00
न्यूनतम: 28°00



पेज 07

विशेष समाचार संतुलित कूटनीति से उभरता ... >> पेज 04 | अवैध सब्जी मंडी पर चला ... >> पेज 06 | 74 साल की ज़ीनत अमान ने लिव...

### डीएमके ने भी दस्तखत किए, बोले- चुनाव आयोग की प्रकिया मनमानी और लोकतंत्र विरोधी

# एसआईआर पर 23 विपक्षी दलों ने सीजेआई को लिखा लेटर

"लेटर में कहा गया है कि जब लोकतांत्रिक संस्थाएं अपेक्षित तरीके से काम नहीं करतीं, तब देश की जनता न्यायपालिका की ओर उम्मीद से देखती है। इसमें चुनाव आयोग की भूमिका और रक्षप्रक्रिया से विभिन्न राज्यों में लोगों पर पड़े प्रभाव की बात की गई।

**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (SIR) प्रक्रिया और चुनाव से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर 23 विपक्षी दलों और एक निर्दलीय सांसद ने मंगलवार को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) को लेटर लिखा। DMK के प्रवक्ता सरवनन अन्नादुरई ने आरोप लगाया कि SIR की प्रक्रिया मनमानी और लोकतंत्र विरोधी है। SIR का उद्देश्य मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाना है, जबकि लोकतंत्र का आधार सभी वयस्क नागरिकों को वोट का अधिकार देना है। लेटर पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) समेत 23 विपक्षी दलों और निर्दलीय राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने हस्ताक्षर किए हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि 8 जून को इंडिया ब्लॉक की बैठक में लेटर भेजने का फैसला लिया गया था। TMC सांसद सागरिका घोष ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग की SIR प्रक्रिया का इस्तेमाल बीजेपी को फायदा पहुंचाने और चुनाव नतीजों को प्रभावित करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से विपक्षी दलों ने CJI को लेटर लिखकर चुनावी प्रक्रिया की न्यायिक समीक्षा की मांग की है। INDIA ब्लॉक की 8 जून को 2 साल बाद 7वीं बैठक दिल्ली में हुई थी। इसमें 25 दलों के नेता शामिल हुए थे। बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, समेत कई नेता मौजूद रहे। वहीं उद्धव ठाकरे और हेमंत सोरेन वर्चुअली जुड़े। मीटिंग के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- SIR में करोड़ों वोटर के नाम कटे।



**1. एसआईआर क्या है?**

यह चुनाव आयोग की एक प्रक्रिया है। इसमें घर-घर जाकर लोगों से फॉर्म भरवाकर वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। 18 साल से ज्यादा के नए वोटरों को जोड़ा जाता है। ऐसे लोग जिनकी मौत हो चुकी है या जो दूसरी जगह शिफ्ट हो चुके हैं, उनके नाम हटाए जाते हैं। नाम, पते में गलतियों को भी ठीक किया जाता है।

**एसआईआर के लिए कौन से दस्तावेज मान्य?**

- पेंशनर पहचान पत्र
- किसी सरकारी विभाग द्वारा जारी पहचान पत्र
- जन्म प्रमाणपत्र
- पासपोर्ट
- 10वीं की मार्कशीट
- स्थायी निवास प्रमाणपत्र
- वन अधिकार प्रमाणपत्र
- जाति प्रमाणपत्र
- राष्ट्रीय रजिस्टर (NRC) में नाम
- परिवार रजिस्टर में नाम
- जमीन या मकान आवंटन पत्र
- आधार कार्ड

**एसआईआर प्रक्रिया से विभिन्न राज्यों में लोगों पर प्रभाव पड़ा**




सूत्रों के मुताबिक, लेटर पर साइन करने वालों में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी, राजद नेता तेजस्वी यादव, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और वाम दलों के नेता शामिल हैं।

**बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, समेत कई नेता मौजूद रहे। वहीं उद्धव ठाकरे और हेमंत सोरेन वर्चुअली जुड़े।**

**सागरिका ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि 23 विपक्षी दलों ने संयुक्त रूप से सीजेआई को लेटर लिखकर न्यायपालिका से अपील की है कि एसआईआर प्रक्रिया का इस्तेमाल बीजेपी के फायदे के लिए किस तरह किया जा रहा है, इसकी जांच की जाए।**

**एसआईआर का मकसद क्या है?**

1951 से लेकर 2004 तक का SIR हो गया है, लेकिन पिछले 21 साल से बाकी है। इस लंबे दौर में मतदाता सूची में कई परिवर्तन जरूरी हैं। जैसे लोगों का माइग्रेशन, दो जगह वोटर लिस्ट में नाम होना। फाइनल लिस्ट में 7.42 करोड़ वोटर्स हैं। दूसरे फेज के तहत उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में SIR की घोषणा हुई।

**एसआईआर में वोटर को क्या करना होगा?**

SIR के दौरान BLO/BLA वोटर को फॉर्म देंगे। वोटर को उन्हें जानकारी मैच करवानी है। अगर दो जगह वोटर लिस्ट में नाम है तो उसे एक जगह से कटवाना होगा। अगर नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो जुड़वाने के लिए फॉर्म भरना होगा और संबंधित डॉक्यूमेंट्स देने होंगे। सरकार को महंगाई, बेरोजगारी और अर्थव्यवस्था के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। गठबंधन हर 2 महीने में और मानसून सत्र के दौरान भी बैठक करेगा। अगली बैठक 8 अगस्त को हैदराबाद में होगी।

### एसआईआर के पहले और दूसरे फेज में 60 करोड़ मतदाता शामिल हुए

चुनाव आयोग ने 24 जून 2025 को देशभर में SIR कराने का आदेश दिया था। अब तक 10 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश कवर हुए। पहले फेज में बिहार, दूसरे में 9 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश शामिल थे।

असम में SIR के बजाय 10 फरवरी को स्पेशल रिवीजन पूरा हुआ था। देश के करीब 99 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ शामिल किए जा चुके हैं।

बाकी 39 करोड़ को तीसरे फेज में 17 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में कवर किया जाएगा। इन 22 राज्यों-UT में प्रक्रिया इस महीने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बाद शुरू होगी। डेथ के बाद भी नाम रहना। विदेशी नागरिकों का नाम सूची में आ जाने पर हटाना। कोई भी योग्य वोटर लिस्ट में न छूटे और कोई भी अयोग्य मतदाता सूची में शामिल न हो।

### बंगाल से कश्मीर तक 1500किमी लंबी मानसून पट्टी बनी

भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना। मानसून ने मंगलवार दोपहर जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश में एंट्री कर ली है। देश में अब तक 26 राज्यों को कवर कर लिया है। इससे पहले 24 जून को मध्य प्रदेश-गुजरात में एंट्री ली थी। इसके बाद 6 दिन अटका रहा। इससे कई राज्यों में गर्मी और उमस बनी हुई है।

उधर, दिल्ली और उत्तर भारत के लिए राहत की खबर आ रही है। सैटेलाइट तस्वीरों में करीब 1,500 किमी लंबी मानसून ट्रफ (कम दबाव की लंबी पट्टी) बनती हुई दिखाई दी है। यह उत्तरी बंगाल की खाड़ी से लेकर जम्मू-कश्मीर तक फैली हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार, मानसून ट्रफ बन चुकी है, लेकिन फिलहाल यह हिमालय की तलहटी (फुटहिल्स) के करीब स्थित है।

# मुंबई में चलती स्कूल बस पर गिरा पेड़

### बस में फंसे एक छात्र की मौत, 11 घायल

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई। मुंबई के चेंबूर इलाके में मंगलवार दोपहर प्राइवेट स्कूल बस पर एक पेड़ गिर गया। बस में कुल 12 स्टूडेंट थे। उनमें से 11 का रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं बस में फंसे 11 साल के छात्र विहान श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। स्कूल की छुट्टी के बाद प्राइवेट बस रोज की तरह बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रही थी। तभी रोड नंबर 11 पर सड़क किनारे लगे पेड़ की बड़ी डालियां बस



की छत पर आ गिरीं, जिससे बस का अगला और बीच का हिस्सा बुरी तरह दब गया। पेड़ गिरते ही बस के अंदर मौजूद बच्चों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग बस के पास पहुंचे। स्थानीय लोगों, पुलिस और फायर ब्रिगेड ने घायल बच्चों को बस से बाहर निकाला। मशीनों और कटर की मदद से पेड़ को काटा गया। हादसे की खबर मिलते ही बच्चों के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए।

# पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाना एक एक्सपेरिमेंट : सरकार

### सुप्रीम कोर्ट का मौजूदा सप्लाई पॉलिसी जारी रखने का आदेश

**असर अगले साल पता चलेगा**

**रोक**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कर्नाटक हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL) को विन्प डिस्टिलरीज एंड शुगर प्राइवेट लिमिटेड से एथेनॉल खरीद बढ़ाने पर विचार करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश BPCL की याचिका पर दिया। कोर्ट ने कहा कि सरकार की मौजूदा पॉलिसी में कोई बदलाव नहीं होगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

**सरकार बोली- 1.4 लाख करोड़ की बचत हुई**

सरकार का कहना है कि एथेनॉल मिश्रण योजना से कच्चे तेल का आयात कम हुआ है और देश को 1.4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है। इससे ऊर्जा सुरक्षा बढ़ी है और प्रदूषण भी कम हुआ है। भारत ने पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाने का लक्ष्य तय समय से पांच साल पहले पूरा कर लिया है। 1 अप्रैल से पूरे देश में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल मिल रहा है। अब सरकार ने 2030 तक 30% एथेनॉल मिश्रण का नया लक्ष्य रखा है। उपभोक्ता हितैषी और आर्थिक रूप से फायदेमंद है।



**फास्ट न्यूज़**

**डकैत जगन गुर्जर के परिजनों का धरना खत्म**

अजमेर। डकैत जगन गुर्जर की हत्या के विरोध में परिवार वालों का अजमेर के जेएलएन हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी के बाहर चल रहा धरना 12 घंटे बाद खत्म हो गया। प्रशासन की ओर से जगन के परिजनों की मांगों पर सहमति जताई है। इसमें जगन के परिवार को सुरक्षा देने समेत 5 मांगें शामिल हैं।

**कॉकरोच जनता पार्टी का जंतर-मंतर पर 11वें दिन प्रदर्शन**

नई दिल्ली। नीट पेपर लीक के विरोध में कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) का 11वें दिन भी जंतर-मंतर पर प्रदर्शन जारी है। इसी बीच वहां तीन दिनों से भूख हड़ताल कर रहे लद्दाख के एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक की मंगलवार को तबीयत बिगड़ गई। वांगचुक का ब्लड शुगर स्तर घटकर 66 पर पहुंच गया है, जो सामान्य से कम माना जाता है। वांगचुक 28 जून से भूख हड़ताल कर रहे हैं। वह शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। वहीं CJP संस्थापक अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि जंतर-मंतर पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

**पुणे मर्डर: क्या हुडी में दिखा व्यक्ति चेतन ही था**

पुणे। पुणे के केतन अग्रवाल मर्डर केस में पुलिस आरोपी चेतन चौधरी का गेट एनालिसिस करेगी। गेट एनालिसिस यानी पुलिस चेतन के चलने का तरीका, बॉडी मूमेंट, कदमों की लंबाई की जांच करेगी। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि दावा है कि 18 जून को (मर्डर वाले दिन) लोहगढ़ फोर्ट पर हुडी पहने दिखा युवक चेतन ही था।

## बंगाल- हल्दिया रिफाइनरी के पास आग लगी, 1 की मौत

### 20 से ज्यादा घायल, पास से गुजर रही रेलवे लाइन पर भी असर

**हादसा**

तमसा संकेत, एजेंसी

हल्दिया। पश्चिम बंगाल के हल्दिया में सोमवार देर रात 2:45 बजे हल्दिया रिफाइनरी के पास भीषण आग लग गई, जिससे एक शख्स की मौत हो गई जबकि 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर है। आग की चपेट में हल्दिया नगर पालिका के वार्ड-13 के चिरंजीबपुर इलाके के कई घर आ गए थे। पुलिस के मुताबिक, सभी पीड़ितों को हल्दिया सब-डिविजनल अस्पताल में एडमिट कराया गया है। पांच घायलों को तमलुक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रेफर किया गया। आग पर काबू पाने के लिए 20



से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियां लगाई गई थीं। दोपहर 2 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। साउथ रेलवे के मुताबिक जहां आग लगी उसके पास से हल्दिया और दुर्गाचक लाइन गुजरी है। सुरक्षा के मद्देनजर अगले आदेश तक के लिए ट्रेन सर्विस रोक दी गई है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL) ने हल्दिया रिफाइनरी में आग लगने की खबरों को खारिज किया है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### कई कांग्रेस नेता हाउस अरेस्ट, सीसीटीवी की निगरानी में तैनात अफसर का 17 साल बाद ट्रांसफर

# राम मंदिर चोरी : अयोध्या पहुंचे यूपी कांग्रेस अध्यक्ष नजरबंद

"अजय राय ने कहा कि मुझे आचार्य नरेंद्र देव विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस के कमरे के अंदर बंद कर दिया गया है। उन्हें प्रभु श्रीराम के दर्शन करने से रोका जा रहा है। मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है।



तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर सियासत तेज हो गई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने सोमवार देर रात 11.30 बजे अयोध्या के एक होटल में नजरबंद कर दिया। थोड़ी देर बाद उन्हें कृषि विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस ले गई।

>> (शेष पेज 06 पर)

**अजय राय बोले- रामलला के दर्शन किए बिना वापस नहीं जाएंगे**

कांग्रेस के यूपी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने भाजपा सरकार पर तानाशाही और दोहरे रवैये का आरोप लगाया है। एक तरफ गैर-कांग्रेसी नेताओं को बुलाकर VIP दर्शन कराए जाते हैं, वहीं दूसरी तरफ उन्हें और कांग्रेस के अन्य नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया है। बिना मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के दर्शन किए वे वापस नहीं जाएंगे।



अयोध्या के जिस होटल में अजय राय रुके हैं, उसके बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

**सीओ अयोध्या ने मंडल कारागार पहुंचकर आरोपियों से पूछताछ की**

सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी मंगलवार को मंडल कारागार पहुंचे। उन्होंने आरोपी अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडे से पूछताछ की। सीओ दोपहर करीब 2 बजे कारागार के अंदर गए और शाम 4 बजे बाहर आए। इस दौरान आरोपी से 5 जून को बरामद 20 लाख रुपये और गहनों को लेकर सवाल-जवाब किए गए।

**कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया हाउस अरेस्ट, अयोध्या जाने से रोके गए**

बाराबंकी से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया को अयोध्या जाने से पहले पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। इसके बाद उन्होंने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। पुनिया ने कहा कि कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल अयोध्या में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जाने वाले चढ़ावे की व्यवस्था और उसके प्रबंधन का निरीक्षण करने जा रहा था। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि सरकार किसी न किसी तथ्य को छिपाने या दबाने का प्रयास कर रही है।

**जिम्मेदारी : बोले- सेना ने जिम्मेदारियां बखूबी निभाईं, ऑपरेशन सिंदूर उदाहरण, नए जनरल धीरज सेठ ने पदभार संभाला**

# जनरल द्विवेदी आर्मी चीफ पद से रिटायर

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। जनरल उपेंद्र द्विवेदी मंगलवार को आर्मी चीफ के पद से रिटायर हो गए। रिटायरमेंट से पहले उन्होंने नई दिल्ली स्थित नेशनल वॉर मेमोरियल पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। द्विवेदी ने कहा- दो सालों में भारतीय सेना ने हर मोर्चे पर अपनी तैयारी, संतुलन और सतर्कता मजबूत बनाए रखी। ऑपरेशन सिंदूर इसका प्रमुख उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि आज मैं यह जिम्मेदारी जनरल धीरज सेठ को सौंप रहा हूं। वह एक अनुभवी सैनिक और सक्षम नेता हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि उनके नेतृत्व



में भारतीय सेना अपनी गौरवशाली परंपराओं को कायम रखते हुए नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगी। द्विवेदी की जगह जनरल धीरज सेठ ने ली है।

उन्होंने आज कार्यभार संभाल लिया है। सेठ भारत के 31वें आर्मी चीफ हैं। उन्हें भारतीय सेना में लगभग चार दशक का अनुभव है। उन्होंने दिसंबर 1986 सेना ज्वॉइन की थी। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े हर मामले में भारतीय सेना ने स्पष्ट उद्देश्य, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व निभाए हैं, जिससे न्यू नॉर्मल की नई परिभाषा स्थापित हुई है। इस दौरान तीनों सेनाओं के बीच तालमेल और मजबूत हुआ है। थल सेना, नौसेना और वायुसेना ने साझा दृष्टिकोण, आपसी विश्वास और बेहतर समन्वय के साथ काम किया है।

वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर स्थिति फिलहाल स्थिर, लेकिन संवेदनशील बनी हुई है।

भारतीय सेना ने सीमा पर मजबूत तैनाती बनाए रखी है और किसी भी तरह की चुनौती या आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**सेना बैकग्राउंड वाले परिवार से आते हैं सेठ**

आर्मी चीफ सेठ सेना के बैकग्राउंड वाले परिवार से आते हैं। उनके पिता लेफ्टिनेंट जनरल कृष्ण मोहन सेठ भारतीय सेना में एडजुटेंट जनरल के पद से 1997 में रिटायर हुए थे। जनरल कृष्ण मोहन सेठ ने सेना की दो बड़ी और अहम टुकड़ियों XXI स्ट्राइक कोर और III कोर की कमान भी संभाली थी। धीरज सेठ खेलों में भी गहरी रुचि रखते हैं। उन्हें टेनिस और गोल्फ खेलना पसंद है। उनकी पत्नी का नाम कोमल सेठ है।

"जनरल द्विवेदी ने कहा कि उत्तरी सीमाओं पर ऑपरेशन स्नो लेपर्ड के तहत हमारी तैनाती पूरी मजबूती और चौकसी के साथ रही। पश्चिमी मोर्चे पर भी सेना ने गंभीरता और संयम के साथ अपनी जिम्मेदारियां निभाईं।

## 'राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले आज आस्था की दुहाई दे रहे'

**रामपुर में सपा पर बरसे सीएम योगी**

**हमला**

तमसा संकेत, एजेंसी

रामपुर: उत्तर प्रदेश के राजनीतिक मैदान में कालनेमि बार-बार चर्चा में आता है। सीएम योगी आदित्यनाथ कालनेमि के जरिए विपक्ष पर लगातार हमला बोलते रहे हैं। अयोध्या राम मंदिर चंदा चोरी प्रकरण के गरमाने के बाद अब सीएम योगी ने एक बार कालनेमि वाला हमला बोला है। विपक्षी नेताओं की तुलना कालनेमि से की है। रामपुर में आया उनका यह बयान अब खूब चर्चा में है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में लेकर दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद गहराने पर भी सीएम योगी ने कालनेमि वाला हमला बोला था,



जिसके बाद खूब राजनीतिक गरमाई थी। अब एक बार फिर सीएम योगी कालनेमि वाला हमला बोल रहे हैं। सीएम योगी ने रामपुर की सभा से चुनावी माहौल बना दिया है। उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर सीधा निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने राम और कृष्ण को नकार दिया था, आज उनका मन भी अयोध्या जाने को मचल रहा है। भगवान राम तो सब जानते है। यह सब कालनेमि हैं, सब को पता है।

>> (शेष पेज 06 पर)

C M Y K

### मंत्री कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक, कौशल विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय

# कौशल गुणवत्ता रोजगार पर सरकार का फोकस

**निर्देश**

- 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को मिलेगी गति
- आईटीआई की गुणवत्ता सुधार, उद्यम मेला, मेगा जॉब फेयर और इंडस्ट्री सहभागिता को लेकर दिए गए अहम निर्देश



**बैठक में कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा, रोजगार सृजन तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप मानव संसाधन तैयार करने के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के उद्देश्य से मंगलवार को उत्तर प्रदेश सचिवालय में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग कपिल देव अग्रवाल की अध्यक्षता में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कौशल कनेक्ट सेल की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें उद्योगों और युवाओं के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने की प्रगति पर चर्चा हुई। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने प्रदेश के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कम उत्तीर्णता प्रतिशत पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशिक्षण निदेशालय को निर्देशित किया कि प्रधानाचार्यों एवं संयुक्त निदेशकों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित कर समस्याओं की पहचान की जाए तथा सुधारात्मक कार्ययोजना तैयार कर 15 दिवस के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए। बैठक में 1M1B के सहयोग से भविष्य उन्मुख कौशल विकास एवं युवा सशक्तिकरण कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण निदेशालय को सभी स्तरों पर नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित कर आईटीआई संस्थानों के

> प्रदेश के नोडल राजकीय आईटीआई संस्थानों में 'उद्यम मेला' आयोजित करने के प्रस्ताव पर भी विस्तार से चर्चा हुई। सुझाव दिया गया कि कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय स्तर से किया जाए तथा सभी नोडल आईटीआई में एक ही दिन मेले का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मेले में कैरियर काउंसलरों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। डेलॉइट को उद्यम मेले के लिए विस्तृत स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई।

प्रदर्शन की सतत निगरानी करने तथा निम्न प्रदर्शन करने वाले आईटीआई संस्थानों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से विभागीय अधिकारियों द्वारा आईटीआई संस्थानों का नियमित निरीक्षण, कार्यशालाओं एवं मशीनरी की समीक्षा तथा विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने पर भी बल दिया गया।



**साझेदारी को मजबूत बनाने पर विशेष जोर**

बैठक में उद्योगों के साथ साझेदारी को मजबूत बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। अडानी स्किल्स के साथ प्रस्तावित समझौता ज्ञापन को शीघ्र अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए, जिससे युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण एवं रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध हो सकें। मंत्री ने आईटीआई प्रवेश अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालयों में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर मेधावी विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल प्रशिक्षण के प्रति प्रेरित किया जाए तथा रोजगार एवं करियर की संभावनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

# योगी सरकार की नई शिक्षा नीति और वैश्विक पहचान का असर

हेमन्त कृष्ण



- लखनऊ विश्वविद्यालय में 77 देशों से आए रिकॉर्ड 3421 आवेदन
- सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बना वैश्विक शिक्षा का नया केंद्र, अंतरराष्ट्रीय छात्रों की पहली पसंद बन रहा लखनऊ विश्वविद्यालय
- सत्र 2026-27 में अंतरराष्ट्रीय आवेदनों में 64 प्रतिशत की ऐतिहासिक बढ़ोतरी

तमसा संकेत, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश शिक्षा, निवेश और नवाचार के साथ-साथ अब वैश्विक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी नई पहचान स्थापित कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन, विश्वविद्यालयों के आधुनिकीकरण, सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने की नीतियों का सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण लखनऊ विश्वविद्यालय है, जहां शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 77 देशों से रिकॉर्ड 3421 अंतरराष्ट्रीय छात्रों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है।

यह संख्या पिछले शैक्षणिक सत्र 2025-26 के 2083 आवेदनों की तुलना में 1338 अधिक है, अर्थात विश्वविद्यालय ने मात्र एक वर्ष में 64 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि उत्तर प्रदेश अब केवल देश के छात्रों का ही नहीं, बल्कि दुनिया के विद्यार्थियों का भी भरोसेमंद शैक्षणिक गंतव्य बनता जा रहा है।

**फास्ट न्यूज**

## केजीएमयू के प्रोफेसर पर निजी प्रैक्टिस का आरोप

लखनऊ । लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के फिजियोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. संदीप भट्टाचार्य पर निजी प्रैक्टिस करने के गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायत उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल और राजभवन तक पहुंचने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कुलसचिव ने आरोपों की पड़ताल के लिए पांच सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है।

## लखनऊ में सास ने बहू को बेल्ट से पीटा

दुबग्गा। पारा थाना क्षेत्र का एक वीडियो सामने आया है। इसमें 2 अधेड़ उम्र की महिलाएं एक एक महिला को डंडे और बेल्ट से पीटती दिख रही हैं। दोनों ने उसके बाल भी नोचे। इस मामले में पीड़ित महिला ने थाने में शिकायत दे दी है। पुलिस ने बताया है कि सास ने अपनी बहन और छोटे बेटे को बुलाकर बहू को पीटा है। मामले की जांच की जा रही है। घायल महिला की मेडिकल जांच कराई जा रही है। मामला बुद्धेश्वर के आदर्श विहार कॉलोनी का है। पीड़िता सोनी कश्यप ने थाने में दी शिकायत में बताया है- मेरी सास शारदा देवी ने 29 जून को सुबह करीब 9:30 बजे मुझे गाली देनी शुरू कर दी।

## अंबेडकर के अस्थि कलश को हटाने का विरोध

लखनऊ । लखनऊ में मंगलवार को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने भीमराव अंबेडकर के अस्थि कलश को विस्थापित करने के विरोध में प्रदर्शन किया। हजरतगंज चौराहे से विधानभवन के सामने बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अस्थि कलश स्थल तक विरोध मार्च निकालने की कोशिश की। भारी पुलिस फोर्स ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया।

## विद्यार्थियों ने देखा वास्तविक उल्कापिंड सूर्य का सुरक्षित अवलोकन

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला, लखनऊ एवं यू.पी. एमेच्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब (यूपीएएसी) के संयुक्त तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित विश्व क्षुद्रग्रह दिवस के अवसर पर एक दिवसीय वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों तथा आम नागरिकों में क्षुद्रग्रहों, नियर अर्थ ऑब्जेक्ट्स, उल्कापिंडों, ग्रह सुरक्षा और अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति वैज्ञानिक सोच विकसित करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, विज्ञान प्रेमियों एवं खगोल विज्ञान के प्रति रुचि रखने वाले लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के प्रथम तकनीकी सत्र में एमिटी विश्वविद्यालय, लखनऊ के एस्ट्रोफिजिसिस्ट डॉ. शंकर दयाल पाठक ने क्षुद्रग्रहों की उत्पत्ति, उनके प्रकार, मुख्य क्षुद्रग्रह पट्टी, नियर अर्थ ऑब्जेक्ट्स तथा ग्रह सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगभग 4.6 अरब वर्ष पुराने क्षुद्रग्रह सौरमंडल के निर्माण के अवशेष हैं और उनका अध्ययन पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति, सौरमंडल के विकास तथा मानव सभ्यता की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नासा के डार्ट मिशन का उल्लेख करते हुए बताया कि वैज्ञानिक संभावित क्षुद्रग्रहीय खतरों से पृथ्वी की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

### उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने दिए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य के निर्देश

# विश्वविद्यालय बनेंगे क्षेत्रीय विकास रोजगार सृजन और नवाचार के केंद्र

नवसृजित आठ राज्य विश्वविद्यालयों की प्रगति की समीक्षा

- शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियों, नियुक्तियों, निर्माण एवं मान्यता कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा
- विश्वविद्यालय बनेंगे क्षेत्रीय विकास, रोजगार सृजन और नवाचार के केंद्र : उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय





तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय की अध्यक्षता में मंगलवार को विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में नवसृजित आठ राज्य विश्वविद्यालयों की प्रगति की ऑनलाइन समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालयों के निर्माण कार्य, शैक्षणिक सत्र 2026-27 की तैयारियों, पद सृजन, शिक्षकों एवं कर्मचारियों की नियुक्ति, बजट, मान्यता, संबद्धता तथा प्रशासनिक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक विश्वविद्यालयों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। नवस्थापित विश्वविद्यालय केवल शिक्षा के केंद्र नहीं होंगे, बल्कि क्षेत्रीय विकास, रोजगार सृजन, शोध एवं नवाचार के नए आयाम स्थापित करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय उत्पाद के अनुरूप रोजग सृजन के कोर्स संचालित किया जाए। बैठक के दौरान भदोही, शाहजहाँपुर, अलीगढ़, सहारनपुर, आजमगढ़, मिर्जापुर, मुरादाबाद एवं बलरामपुर स्थित नवसृजित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों एवं अधिकारियों ने अपने-अपने विश्वविद्यालयों की वर्तमान स्थिति और आवश्यकताओं से मंत्री को अवगत कराया। समीक्षा में कई विश्वविद्यालयों में निर्माण कार्यों की प्रगति संतोषजनक पाए जाने के साथ ही कुछ स्थानों पर भूमि, विद्युत, सड़क, जल निकासी, भवन निर्माण तथा प्रशासनिक स्वीकृतियों से जुड़ी समस्याएँ भी सामने आईं। उच्च शिक्षा मंत्री ने इन सभी मुद्दों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों एवं जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। मंत्री उपाध्याय ने कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार जनता के हित में संसाधनों की कोई कमी नहीं रहने दे रही है, इसलिए निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### बाबा साहेब की विरासत के संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध-जयवीर सिंह

# बाबा साहेब का अस्थिकलश यथास्थान सुरक्षित : जयवीर

तमसा संकेत, संवाददाता



**पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि सरकार का पूरा ध्यान भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की स्मृतियों, विचारों और विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन पर केंद्रित है। इसी उद्देश्य से लखनऊ स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र, ऐशबाग का चरणबद्ध तरीके से विकास कराया जा रहा है।**

लखनऊ। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अस्थिकलश को लेकर विभिन्न माध्यमों में प्रसारित हो रही चर्चाओं के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने स्थिति पूरी तरह स्पष्ट कर दी है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विधानभवन के समक्ष स्थित आम्बेडकर महासभा परिसर में स्थापित बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अस्थिकलश के संबंध में संस्कृति विभाग अथवा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसी भी प्रकार का स्थानांतरण संबंधी निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अस्थिकलश अपने वर्तमान स्थान पर पूरी गरिमा के साथ यथावत सुरक्षित है और इसे स्थानांतरित किए जाने संबंधी समाचार पूरी तरह भ्रामक एवं तथ्यहीन हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बाबा साहेब से जुड़े सभी स्थलों को गरिमापूर्ण स्वरूप देने और उन्हें सांस्कृतिक एवं सामाजिक चेतना के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि ऐशबाग में निर्माणाधीन लगभग 16.20 करोड़ रुपये की लागत से स्मारक परिसर के बाह्य विकास, फसाड और हॉर्टीकल्चर से जुड़े कार्य तेजी से चल रहे हैं। परियोजना की भौतिक प्रगति करीब 85 प्रतिशत हो चुकी है। बाउंड्रीवाल, स्टोन क्लैडिंग, तीन गेटों एवं तीन गार्ड रूम के स्ट्रक्चर, तोरण द्वार तथा प्रतिमा के पैडेस्टल का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। मुख्य प्रवेश द्वार का अधिकांश कार्य भी पूर्ण हो गया है, जबकि आंतरिक मार्ग, ड्रेनेज सिस्टम, म्यूरल वर्क और उद्यान विकास के शेष कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुसार आगे बढ़ रहे हैं।

**मुख्य निर्माण कार्य पहले ही पूर्ण किए जा चुके**

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसके अतिरिक्त लगभग 43.69 करोड़ रुपये की लागत से भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र के मुख्य निर्माण कार्य पहले ही पूर्ण किए जा चुके हैं। इसके अंतर्गत कार्यालय भवन, बेसमेंट, प्रतिमा हेतु फाउंडेशन, सब-स्टेशन, पम्प रूम, गार्ड रूम, आंतरिक सड़क, सीवर लाइन तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं का निर्माण कराया गया है। वहीं लगभग 44.43 करोड़ रुपये की लागत से 500 सीट क्षमता वाले अत्याधुनिक प्रेक्षागृह एवं ऑडिटोरियम की आंतरिक और बाहरी साज-सज्जा का कार्य भी तेजी से प्रगति पर है। इस परियोजना की लगभग 90 प्रतिशत भौतिक प्रगति हो चुकी है।

# लोजपा में अलंकार पाण्डेय को मिली प्रदेश सचिव की जिम्मेदारी

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष (प्रबुद्ध प्रकोष्ठ) अनिल कुमार त्रिपाठी ने की, जिसमें संगठन के विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।


बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार त्रिपाठी ने संगठन को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की। अजय सिंह जिलाध्यक्ष (कानपुर नगर) तथा समाजसेवी अलंकार पाण्डेय को प्रदेश सचिव (प्रबुद्ध प्रकोष्ठ) नियुक्त किया।

अनिल कुमार त्रिपाठी ने बताया, पार्टी आगामी पंचायत चुनाव सहित विभिन्न स्तरों पर बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने के लिए अभियान चलाएगी। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से पूरी निष्ठा एवं सक्रियता के साथ संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि अलंकार पाण्डेय लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं और उनकी सक्रियता एवं कार्यशैली को देखते हुए उन्हें प्रदेश सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अलंकार पाण्डेय अपने अनुभव और जनसंपर्क के बल पर प्रदेश में प्रकोष्ठ को और अधिक मजबूती प्रदान करेंगे तथा चिराग पासवान के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अलंकार पाण्डेय संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे।

## राजधानी के पावर हाउसों पर पीएसी तैनात करने की मांग

### रोज-रोज हंगामे पर अधिकारियों ने लिखा लेटर

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ में बिजली कटौती के बाद लोगों के हंगामे से बिजली विभाग के अधिकारी परेशान हो गए हैं। उन्होंने DGP को पत्र लिखकर पावर हाउसों पर PAC तैनात करने की मांग की है। अधिकारियों का कहना है कि रोज-रोज नशे में आकर लोग हंगामा करते हैं। कर्मचारियों को काम नहीं करने देते। वहीं, उतरठिया क्षेत्र में पिछले 5 दिनों से बिजली कटौती और बार-बार फॉल्ट से लोग परेशान हैं। रविवार को फॉल्ट के कारण सुबह से रात तक बिजली आपूर्ति ठप रही। बीच में बिजली आई तो हाई वोल्टेज के कारण कई घरों में टीवी, पंखे, फ्रिज समेत अन्य बिजली के उपकरण भी खराब हो गए।

इसके बाद उपभोक्ताओं की नाराजगी बढ़ गई। नाराज उपभोक्ता रात ही में अंबेडकर उपकेंद्र पहुंचे और ड्यूटी कर रहे ऑपरेटर दिनेश कुमार समेत 6 कर्मियों से मारपीट शुरू कर दी। कर्मचारियों ने भागकर जान बचाई। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने उतरठिया में रायबरेली राजमार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझाने की कोशिश की। बात नहीं बनी तो पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को खदेड़कर आवागमन शुरू कराया। नाराज उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग पर आरोप लगाए। उनका कहना था कि लगातार शिकायतों के बावजूद अधिकारी और कर्मचारी न तो समय पर फॉल्ट ठीक कर रहे हैं और न ही फोन उठाते हैं।

**संवाद :** कक्षा-कक्ष से मिली सीख पर तय होगी भविष्य की शैक्षणिक रणनीति

# साक्ष्य आधारित शिक्षा सुधारों के नए दौर में उत्तर प्रदेश

तमसा संकेत, संवाददाता



- टीएलपीएस रिपोर्ट-2025 का विमोचन, 'नीति से व्यवहार' तक संवाद में अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने किया शिक्षकों से सीधा संवाद
- स्कूल चलो अभियान, नियमित उपस्थिति, कैच-अप लर्निंग, निपुण लक्ष्य और प्रभावी शिक्षण पर दिए निर्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश सरकार ने बुनियादी शिक्षा सुधारों को नई ऊंचाई देते हुए अब कक्षा-कक्ष में होने वाले वास्तविक अधिगम को शिक्षा नीति का केंद्र बना दिया है। प्रदेश में पहली बार शिक्षकों के अनुभव, बच्चों के सीखने के साक्ष्य, परख के निष्कर्ष, टीचिंग एंड लर्निंग प्रैक्टिसेज अध्ययन और निपुण भारत मिशन के जमीनी अनुभवों को एक मंच पर लाकर भविष्य की शैक्षणिक रणनीति पर व्यापक मंथन किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग और लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के प्लूटो ऑडिटोरियम में आयोजित 'पॉलिसी टू प्रैक्टिस डायलॉग' एवं टीएलपीएस उत्तर प्रदेश राज्य रिपोर्ट-2025 के विमोचन कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा की अध्यक्षता में नीति-निर्माताओं, वरिष्ठ शिक्षा अधिकारियों, राष्ट्रीय एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों, एसआरजी, एआरपी, बीईओ, डायट विशेषज्ञों तथा शिक्षा क्षेत्र के अग्रणी संस्थानों ने विद्यालयी शिक्षा को अधिक गुणवत्तापूर्ण, साक्ष्य-आधारित और परिणामोन्मुख बनाने की भावी कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

इस दौरान परख के निष्कर्ष, शिक्षा सुधारों के प्रमुख आयाम, प्रभावी कक्षा-कक्षीय शिक्षण की 10 प्रमुख शिक्षण पद्धतियों, 15 कैच-अप रणनीतियों, हॉलीस्टिक प्रोग्रेस कार्ड, अकादमिक कैलेंडर तथा निपुण उत्तर प्रदेश 2.0 की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रस्तुतीकरण क्वालिटी यूनिट के प्रभारी आनंद कुमार पाण्डेय ने किया।



**कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ**

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, स्कूल शिक्षा महानिदेशक एवं राज्य परियोजना निदेशक मोनिका रानी, एससीईआरटी के निदेशक गणेश कुमार तथा बेसिक शिक्षा निदेशक अनिल भूषण चतुर्वेदी सहित बेसिक शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, राष्ट्रीय एवं राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, एसआरजी, एआरपी, बीईओ, डायट विशेषज्ञ तथा लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रारंभिक सत्र में उत्तर प्रदेश में निपुण भारत मिशन की प्रगति, अब तक हुए शिक्षा सुधारों, कक्षा-कक्ष में आए बदलाव तथा अधिगम गुणवत्ता सुधार के लिए अपनाई गई रणनीतियों का प्रस्तुतीकरण किया गया।

## जो मंदिर का खाएगा, वो पनपेगा नहीं:टिकैत

लखनऊ। किसान नेता राकेश टिकैत ने राम मंदिर चंदा विवाद पर कहा है कि जो मंदिर का खाएगा, वो पनपेगा नहीं। यदि चंदे की रकम में कोई गड़बड़ी हुई है तो उसकी रिकवरी होनी चाहिए। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।

वहीं, मेरठ के सरधना से सपा विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि यह केवल किसी अर्दली या चपरासी का काम नहीं हो सकता। चढ़ावे का पैसा कहीं और भी लगाया जा रहा है। चंपत राय मेरी विधानसभा में निवेश कर रहे हैं। दोनों नेता मंगलवार को लखनऊ के मोहनलालगंज में थे। यहां उन्होंने भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के प्रस्तावित किसान भवन का भूमि पूजन किया। राकेश टिकैत ने कहा कि यह भवन प्रदेशभर से यहां आने वाले किसानों के ठहरने की स्थायी जगह बनेगा। राकेश टिकैत ने आरोप लगाया कि राजधानी लखनऊ में पैसे लेकर अवैध निर्माण कराए जा रहे हैं। वहीं, अतुल प्रधान ने कहा- अयोध्या मुद्दे पर कहा कि चंपत राय के एक रिश्तेदार मेरी विधानसभा में करीब 200 करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट विकसित कर रहे हैं।

# चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी में शामिल, मायावती के भी करीबी थे

# मुख्तार को बांदा लाने वाले पूर्व आईपीएस ने भाजपा छोड़ी

**ऐलान**

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज। पूर्व IPS प्रेम प्रकाश ने भाजपा छोड़कर सांसद चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) जॉइन कर ली। उन्होंने 2027 का विधानसभा चुनाव लड़ने का भी ऐलान कर दिया। सोमवार शाम 6 बजे पार्टी में शामिल होते ही उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में संगठन को मजबूत करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्रेम प्रकाश 31 दिसंबर, 2022 को एडीजी, प्रयागराज पद से रिटायर हुए थे। कुछ महीने बाद 2024 के लोकसभा चुनाव के



दौरान पूर्व IPS भाजपा में शामिल हो गए थे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उन्हें पार्टी में शामिल कराया था। हालांकि, भाजपा में उनकी सक्रिय भूमिका देखने को नहीं मिली। कानपुर जोन में तैनाती के दौरान पूर्व IPS के नेतृत्व में करीब 67 एनकाउंटर किए गए थे। मुख्तार अंसारी को पंजाब की रोपड़ जेल से यूपी की बांदा जेल लाने में भी उनकी प्रमुख भूमिका थी। उस समय प्रेम प्रकाश प्रयागराज में ADG के पद पर थे। 2019 में नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) और NRC के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान कानपुर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के शासनकाल के दौरान वे बसपा सुप्रीमो मायावती के बेहद करीबी और भरोसेमंद अधिकारियों में गिने जाते थे।

**कहा जाता है कि सपा सरकार आने पर उन्हें साइड लाइन कर दिया गया था। 2017 में जब योगी सरकार आई तो फिर से प्रेम प्रकाश को अहम पदों पर तैनाती मिली। प्रयागराज में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) के पद पर भी तैनात रहे। अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की वजह से उन्हें 'एनकाउंटर स्पेशलिस्ट' कहा जाता था।**



31 दिसंबर 2022 को प्रेम प्रकाश प्रयागराज से एडीजी पद से रिटायर हुए थे।

## बीटेक करने के बाद पुलिस मैनेजमेंट में एमडी का कोर्स

दिल्ली के रहने वाले प्रेम प्रकाश 1993 बैच के IPS अफसर थे। बीटेक करने के बाद पुलिस मैनेजमेंट में भी MD (मास्टर इन डिप्लोमा) का कोर्स किया। लंबे प्रशासनिक अनुभव के दौरान मेरठ, आगरा, मुरादाबाद और कानपुर जैसे महत्वपूर्ण जिलों में जिम्मेदार पदों पर काम किया।

## सुल्तानपुर में किया गया आजाद वर्मा का अंतिम संस्कार

सुलतानपुर। सुल्तानपुर के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या किए गए आजाद वर्मा का मंगलवार दोपहर गांव के बाहर बाग में अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों ने आरोपियों के एनकाउंटर और बुलडोजर कार्रवाई की मांग करते हुए अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है। रविवार शाम आजाद वर्मा जब अपने घर लौट रहे थे, तभी गांव के एक निजी स्कूल के पास गांव के अशोक पांडेय, उनके भाई राज नारायण पांडेय, अनुराग, रुपम और सूरज ने उन पर असलहे से फायरिंग कर दी। पीठ में गोली लगने से आजाद की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने बादल वर्मा की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, जिनमें से सूरज, सत्यम और रुपम को गिरफ्तार कर लिया गया है। एएसपी बृजनारायन सिंह और एडीएम एफआर राकेश सिंह को सौंपे गए मांग पत्र में परिजनों ने आरोपियों के एनकाउंटर और बुलडोजर कार्रवाई के अलावा मृतक के परिजनों को सशस्त्र लाइसेंस, सुरक्षा तथा ईंट भट्ठे की जांच कर उसे गिराने की भी मांग की है।

# एनडीएमए का पेपर लीक, बेरोजगारी पर प्रदर्शन

## सुल्तानपुर में शिक्षा मंत्री के पोस्टर लेकर सरकार को घेरा

तमसा संकेत, एजेंसी

सुलतानपुर। सुल्तानपुर में एनए-सयूआई (NSUI) ने पेपर लीक और बेरोजगारी के मुद्दे पर कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता शिक्षा मंत्री के पोस्टर लेकर पहुंचे और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष मानस तिवारी ने आरोप लगाया कि देश में ब्रिटिश सरकार की तरह ही हिटलरशाही के अंदाज में बिना बताए आपातकाल लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि युवा भुखमरी, बेरोजगारी और महंगाई से परेशान हैं, और उन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। मानस तिवारी ने सुल्तानपुर के स्थानीय भाजपा विधायकों पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के भाजपा विधायक छात्रों की समस्याओं पर पूरी तरह चुप हैं।




उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आम जनता को मूलभूत आवश्यक-ताओं से वंचित कर रही है और केवल कुछ उद्योगपतियों की जेबें भरने का काम कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा के छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) को भी आड़े हाथों लिया। मानस तिवारी के अनुसार, एबीवीपी के नेता सिर्फ सत्ता की चापलूसी करने और मंत्रियों के पीछे घूमने में व्यस्त हैं। एनएस-यूआई ने दावा किया कि 2027 के चुनाव में उत्तर प्रदेश और देश का युवा इस बेरोजगारी और पेपर लीक का बदला वोट की चोट से लेगा।

**फास्ट न्यूज**

### सड़क हादसे में युवक की मौत

उन्नाव। उन्नाव के बिहार थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गई। मृतक जय प्रकाश पुत्र स्व. अमर लाल, निवासी किशुन खेड़ा, थाना पुरवा मझगवां गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया गया कि जय प्रकाश मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था।

### बाराबंकी में बंधे पर मिला युवक का शव

बाराबंकी। बाराबंकी में 23 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों का दावा है कि मौत से ठीक पहले युवक ने अपनी मां से कहा कि उसे तालाब में डुबो-डुबोकर पीटा गया है। इसके बाद उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो सकेगी। मृतक की पहचान अंगद यादव (23) पुत्र सर्वेश यादव, निवासी पंडितपुरवा मजरे बिझला के रूप में हुई है। घटना सोमवार देर रात की है।

### फर्जी स्वयं सहायता समूह बनाकर 11 लाख का गबन

उन्नाव। उन्नाव में स्वयं सहायता समूहों के नाम पर फर्जीवाड़ा कर सरकारी धन हड़पने के आरोप में ब्लॉक मिशन प्रबंधक (बीएमएम) दीपराज सिंह की सेवा समाप्त कर दी गई है। जांच में उन्हें दोषी पाया गया था। इससे पहले जिलाधिकारी घनश्याम मीना के हस्तक्षेप पर उन्हें बैठक के दौरान ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। यह मामला पुरवा ब्लॉक से जुड़ा है।

# उन्नाव में रिंग रोड के लिए मकानों पर चला बुलडोजर

## राजस्व टीम और पुलिस बल की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में कानपुर देहात से उन्नाव तक प्रस्तावित आउटर रिंग रोड के निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है। इसी क्रम में मंगलवार दोपहर विकासखंड सिकंदरपुर कर्ण के कड़ेड पतारी गांव में रिंग रोड की जद में आ रहे मकानों को प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

यह कार्रवाई कानपुर देहात से उन्नाव तक बनने वाले आउटर रिंग रोड के लिए भूमि अधिग्रहण और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया का हिस्सा है। प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कड़ेड पतारी गांव में



चिह्नित मकानों को हटाया गया। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए बदरका चौकी प्रभारी अपने पुलिस बल के साथ मौके पर तैनात रहे। मौके पर नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी भी उपस्थित थे। राजस्व विभाग की टीम ने पहले से चिह्नित किए गए निर्माणों की जांच की, जिसके बाद उन्हें बुलडोजर से हटाने की कार्रवाई की गई। प्रशासन ने बताया कि रिंग रोड निर्माण में बाधा बन रहे चिह्नित निर्माणों को नियमानुसार हटाया जा रहा है। आउटर रिंग रोड परियोजना पर लंबे समय से काम चल रहा है। यह सड़क कानपुर देहात से शुरू होकर उन्नाव तक प्रस्तावित है, जिसका उद्देश्य शहरों में बढ़ते यातायात दबाव को कम करना और आवागमन को सुगम बनाना है। इस परियोजना के तहत कई गांवों में भूमि अधिग्रहण और निर्माण हटाने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। कार्रवाई के दौरान आसपास के ग्रामीण मौके पर जमा हो गए थे। प्रशासन ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिन स्थानों पर निर्माण रिंग रोड की सीमा में आ रहे हैं।

## पुलिस मुठभेड़ में दो लुटेरे दबोचे, एक के पैर में लगी गोली

मथुरा(चौमुहाँ)। थाना जैत पुलिस ने मंगलवार तड़के मुठभेड़ के दौरान दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से थाना मगोर्रा क्षेत्र से लूटी गई दो मोटरसाइकिलें, बस कंडक्टर से लूटी गई नकदी, दो अवैध तमंचे, कारतूस और नकदी बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपी मथुरा के अलावा आगरा और राजस्थान में भी लूट की घटनाओं में शामिल रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार तड़के करीब 1:15 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि थाना जैत में दर्ज लूट के मुकदमे के आरोपी एसकेएस यूनिवर्सिटी से पहले हाईवे से तरौली जाने वाले रास्ते पर किसी वारदात की फिराक में घूम रहे हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने पुलिस टीम के साथ घेराबंदी की।

# बूचड़खानों के खिलाफ किसान यूनियन का प्रदर्शन

## अनियमितताओं की जांच और कार्रवाई की मांग, ज्ञापन सौंपा

तमसा संकेत, एजेंसी

उन्नाव। उन्नाव में भारतीय किसान यूनियन (सावित्री) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बूचड़खानों के संचालन में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने जिलाधिकारी के नाम संबोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट मनोज सिंह को सौंपा, जिसमें मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। संगठन ने आरोप लगाया कि जिले में संचालित कुछ बूचड़खाने पर्यावरणीय मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। विशेष रूप से इंडाग्रो फूड्स प्रा. लि. और जे.एस. इंटरनेशनल फूड्स पर मानकों के विपरीत गतिविधियां संचालित करने का आरोप लगाया



गया है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इन बूचड़खानों से निकलने वाला दूषित पानी आसपास के क्षेत्रों में छोड़ा जा रहा है। इससे जल स्रोत और पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, जिससे स्थानीय लोगों और किसानों को परेशानी हो रही है। दूषित वातावरण के कारण क्षेत्र में बीमारियां फैलने की आशंका भी जताई गई है। भारतीय किसान यूनियन (सावित्री) ने जोर देकर कहा कि पर्यावरण और जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित इकाइयों की गहन जांच कराई जाए और यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। मंगलवार दोपहर, किसान यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट मनोज सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में बूचड़खानों की जांच, प्रदूषण नियंत्रण मानकों की प्रभावी निगरानी और प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की गई है। किसान नेताओं ने कहा कि उद्योगों को संचालन की अनुमति नियमों के तहत दी जाती है, लेकिन इन नियमों का पालन सुनिश्चित कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

# हिंदू मरघट की जमीन से अतिक्रमण हटा

## प्रशासन ने जेसीबी से ढहाए मजार के पिलर, दोबारा कब्जे पर कार्रवाई की चेतावनी

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी। बाराबंकी जिले के सिरौलीगौसपुर तहसील क्षेत्र के मदारपुर गांव में हिंदू मरघट की जमीन पर किए गए अस्थायी अतिक्रमण को प्रशासन ने मंगलवार को हटा दिया। उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अनिल कुमार सरोज की मौजूदगी में जेसीबी मशीन से मजार के लिए बनाए जा रहे पिलरों को ध्वस्त कर कब्जा हटाया गया। इस दौरान राजस्व विभाग और पुलिस की टीम मौके पर मौजूद रही, और पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जानकारी के अनुसार, रविवार को गांव के एक समुदाय के कुछ लोग हिंदू मरघट के नाम दर्ज भूमि पर पिलर खड़े कर मजार बनाने का प्रयास कर रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर हिंदू पक्ष ने विरोध जताया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य तत्काल रुकवा दिया था। इस



मामले में निर्माण कार्य में शामिल पांच लोगों के खिलाफ शांति भंग की आशंका के तहत कार्रवाई करते हुए चालान किया गया था। सोमवार को राजस्व विभाग की टीम ने लेखपाल के नेतृत्व में जमीन की पैमाइश की थी। हालांकि, उस समय भूमि की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकी थी। इसके बाद मंगलवार को उपजिलाधि-कारी अनिल कुमार सरोज, तहसील-दार बालेन्दु भूषण वर्मा, बदोसराय कोतवाली प्रभारी राम अवतार सरोज, राजस्व विभाग की टीम और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दोबारा पैमाइश कराई गई।

# 'मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान शुरू

## 1 जुलाई से अनफिट स्कूली वाहनों पर होगी कार्रवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई में स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए 1 जुलाई से 15 जुलाई तक 'मिशन सेफ फ्यूचर' अभियान चलाया जाएगा। परिवहन विभाग शासन के निर्देश पर यह प्रदेशव्यापी अभियान संचालित करेगा, जिसमें प्रशासन और प्रवर्तन शाखाएं संयुक्त रूप से व्यापक जांच करेंगी। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) अरविंद कुमार सिंह ने 30 जून को सभी स्कूल वाहन स्वामियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि जिन वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा या प्रदूषण प्रमाणपत्र की वैधता समाप्त हो गई है, उनका तत्काल नवीनीकरण करा लिया जाए। ऐसा न करने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।




विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों को भी निर्देश दिए गए हैं कि वे छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

उन्हें अनफिट या दस्तावेजों की वैधता समाप्त हो चुके वाहनों का संचालन स्कूल में न होने देने को कहा गया है। साथ ही, वाहन स्वामियों को सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर नवीनीकृत कराने के निर्देश देने को भी कहा गया है, ताकि किसी भी दुर्घटना या असुविधा से बचा जा सके। परिवहन विभाग के अनुसार, 8 जुलाई से 15 जुलाई तक पुलिस और परिवहन विभाग संयुक्त रूप से विशेष प्रवर्तन अभियान चलाएंगे। इस अवधि में बिना फिटनेस, बिना परमिट, बिना बीमा, बिना प्रदूषण प्रमाणपत्र वाले या सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले स्कूली वाहनों के खिलाफ चालान, सीज करने और अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान केवल स्कूल स्वामित्व वाले वाहनों तक सीमित नहीं रहेगा।

निजी क्षेत्र के वे वाहन भी जांच के दायरे में होंगे जो नियमों का उल्लंघन करते हुए स्कूली बच्चों का परिवहन कर रहे हैं। ऐसे वाहनों के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन विभाग ने सभी वाहन स्वामियों और विद्यालय प्रबंधन से अपील की है कि वे समय रहते सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर लें। इसका उद्देश्य अभियान के दौरान होने वाली कार्रवाई से बचना और बच्चों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है।

## होर्डिंग मामले में पूर्व सांसद का बेटा हिरासत में

बाराबंकी। बाराबंकी में लखनऊ–सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर विवादित होर्डिंग लगाने के मामले में पूर्व सांसद के पुत्र जयंत गौतम को हिरासत में लिया गया। देर रात पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। ये होर्डिंग लोनीकटरा थाना क्षेत्र में बारा टोल प्लाजा से नवोदय विद्यालय मार्ग तक लगाए गए थे। इनमें प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की तस्वीरों पर टेप दर्शाते हुए राम मंदिर चढ़ावा, महंगाई, बेरोजगारी और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछे गए थे, जिससे राजनीतिक माहौल गरमा गया था। इसी संबंध में जयंत गौतम को हिरासत में लेकर कोतवाली में देर रात तक पूछताछ की गई। उनकी रिहाई बाराबंकी के सांसद तनुज पुनिया और कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहसिन के कोतवाली पहुंचने के बाद हुई। क्षेत्राधिकारी संगम कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान यह पता लगाने का प्रयास किया गया कि होर्डिंग लगाने से पहले राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से अनुमति ली गई थी या नहीं, और इन होर्डिंग को लगाने का उद्देश्य क्या था।

**बैठक : लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी, सीडीपीओ और नैफेड प्रभारी को नोटिस के निर्देश**

# हरदोई डीएम ने पोषण योजनाओं की समीक्षा की

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। स्वामी विवेकानंद सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम अनुनय झा ने गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को वितरित किए जाने वाले पुष्टाहार में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमि-तता पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान आरबीएसके टीम के जिला प्रभारी की अनुपस्थिति पर




जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी सीडीपीओ को टीएचआर प्लांट का साप्ताहिक निरीक्षण कर फोटो रिपोर्ट साझा करने के निर्देश दिए।

साथ ही 10 जुलाई तक सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर राशन वितरण पूर्ण करने को कहा गया। धीमी प्रगति पर नैफेड के जिला प्रभारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए।

## पोषण योजनाओं और आंगनबाड़ी कार्यों की समीक्षा

बैठक के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली, कुपोषण उन्मूलन अभियान तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

**प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की समीक्षा में सुरसा और पिहानी ब्लॉक की खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कमजोर प्रदर्शन वाले सभी सीडीपीओ को तत्काल सुधार के निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि लापरवाही मिलने पर कठोर कार्रवा-ई की जाएगी।**

## खराब प्रदर्शन वाले ब्लॉकों पर नाराजगी

पिहानी, भरखनी, शाहाबाद और सुरसा ब्लॉकों की खराब प्रगति पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अगली समीक्षा बैठक तक स्पष्ट सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी, सभी सीडीपीओ एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास विभाग को समन्वय के साथ काम करने को कहा।

# युवक की मौत पर हाईवे जाम

## पुलिस पर पथराव, एसएचओ घायल होकर गिरे, 2 घंटे ठप रहा लखनऊ-बहराइच हाईवे

तमसा संकेत, एजेंसी

रामनगर। बाराबंकी के रामनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को हुई युवक जितेंद्र चौहान की संदिग्ध मौत के मामले में मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे परिजनों और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने शव को लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर रखकर जाम लगा दिया, जिससे दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस और ग्रामीणों के बीच कहासुनी के बाद स्थिति बिगड़ गई और पथराव शुरू हो गया। ग्रामीणों द्वारा किए गए ईंट-पत्थर के हमले में रामनगर थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह घायल हो गए। चोट लगने के बाद वे कुछ देर के लिए बेहोश हो गए, जिसके बाद पुलिसकर्मियों को पीछे हटना पड़ा। सूचना मिलने पर रामनगर और मसौली पुलिस मौके पर पहुंची। आक्रोशित ग्रामीणों ने युवक की हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया।



उन्होंने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्रदर्शन में हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल थे। भीड़ के आक्रोश के कारण पुलिस बल को स्थिति नियंत्रित करने में कठिनाई हुई और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हाईवे जाम की सूचना पर पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को शांत कराने का प्रयास किया। सोमवार को कटियारा गांव निवासी जितेंद्र चौहान का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के दूसरे कमरे में फंदे से लटका मिला था। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया था। एडिशनल एसपी विकासचंद्र त्रिपाठी के पहुंचने के बाद ग्रामीणों को खदेड़ा गया और पुलिस ने शव को फिर से कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, लेकिन परिजन अभी भी संतुष्ट नहीं हैं।

## सम्पादकीय

# देर के साथ अंधेर भी



यह संतोषजनक कम, आश्चर्यजनक अधिक है कि श्रीनगर के सरकारी अस्पताल की कश्मीरी पंडित नर्स सरला भट्ट के अपहरण और हत्या के मामले में 35 वर्ष बाद आतंकी सरगना यासीन मलिक और उसके साथियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया। यासीन मलिक प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जेकेएलएफ का प्रमुख है।

सरला भट्ट की बर्बर हत्या कश्मीर में आतंक से जुड़ी एक ऐसी खौफनाक घटना थी, जिसने घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन को हवा दी थी। इस मामले में इतने लंबे समय बाद आरोप पत्र दाखिल करने की नौबत आना यही बताता है कि अपने देश में किस तरह कुछ संगीन मामलों में भी आवश्यकता से अधिक देर होती है। जब आतंकवाद से जुड़े गंभीर मामलों में भी ऐसा होता है तो न केवल पीड़ितों के बीच निराशा घर करती है, बल्कि आतंकवाद से लड़ने की प्रतिबद्धता को लेकर भी सवाल उठते हैं। समझना कठिन है कि करीब तीन दशक से भी अधिक समय तक किसी ने इसकी आवश्यकता क्यों नहीं समझी कि सरला भट्ट को न्याय मिले? सरला भट्ट का प्रकरण पहला ऐसा मामला नहीं, जिसमें दोषियों को कठघरे में खड़ा करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में इतनी देर हुई हो कि उसे अंधेर कहा जा सकता है। इस तरह के और भी अनेक मामले हैं, जिनमें कश्मीरी पंडितों को आतंकित करने और उन्हें पलायन के लिए विवश करने वाली हत्या और हिंसा की घटनाओं की अनदेखी की गई हो। इस अनदेखी में जम्मू-कश्मीर सरकार के साथ तत्कालीन केंद्र सरकारों की भूमिका रही। एक पीड़ादायक तथ्य यह भी है कि एक बार सुप्रीम कोर्ट ने भी यह कहकर कश्मीरी पंडितों की हत्या के मामलों की जांच-पड़ताल की जरूरत को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि अब बहुत देर हो चुकी है। आखिर जब अन्य मामलों की जांच-पड़ताल दशकों बाद होने के प्रसंग सामने आ चुके हों तब फिर कश्मीरी पंडितों के साथ हुए भीषण अत्याचारों के मामलों की जांच में संवेदहीनता क्यों दिखाई गई?

अफसोस की बात केवल यह नहीं कि कश्मीरी पंडितों के साथ हुए अत्याचारों की अनदेखी हुई और उन्हें न्याय देने की वैसी कोई ठोस पहल नहीं हुई, जैसी अपेक्षित थी, बल्कि यह भी है कि यासीन मलिक जैसे जो आतंकी तत्व इन अत्याचारों के लिए उत्तरदायी थे, उनके खिलाफ सख्ती दिखाने और उन्हें न्याय के कठघरे में खड़ा करने से इन्कार किया गया। इससे भी खराब बात यह हुई कि कश्मीर समस्या के समाधान में कथित तौर पर सहायक मानकर उन्हें गांधीवादी करार दिया गया। यासीन मलिक के मामले में तो ऐसा तब किया गया, जब उस पर वायुसेना के चार कर्मियों की हत्या का आरोप था। ये हत्याएं भी 1990 में की गई थीं। यह अच्छी बात यह है कि इस मामले में भी उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो रही है, लेकिन जो देरी हुई, उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती।

# संतुलित कूटनीति से उभरता भारत का वैश्विक नेतृत्व

> वास्तव में भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती विभिन्न वैश्विक शक्तियों के बीच संतुलन बनाए रखने की रही है। आज भारत के अमेरिका, रूस, इजरायल, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, यूरोप, जापान और आसियान देशों के साथ मजबूत रणनीतिक एवं आर्थिक संबंध हैं।



भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी संतुलित, स्वतंत्र और दूरदर्शी सोच रही है। विश्व राजनीति के बदलते परिदृश्य, महाशक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा, क्षेत्रीय संघर्षों और वैश्विक अस्थिरताओं के दौर में भारत ने जिस परिपक्वता और विवेक का परिचय दिया है, उसने उसे विश्व मंच पर एक विश्वसनीय, जिम्मेदार और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के निधन के उपरांत उनके अंतिम संस्कार में भारत की ओर से उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को भेजने का निर्णय भी इसी संतुलित और व्यावहारिक विदेश नीति का परिचायक है। यह केवल एक राजनयिक औपचारिकता नहीं, बल्कि भारत और ईरान के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, सभ्यतागत एवं रणनीतिक संबंधों के प्रति सम्मान और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। भारत की ओर से विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा तथा बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल का तेहरान जाना यह स्पष्ट करता है कि भारत अपने मित्र देशों के साथ संबंधों को केवल सामरिक दृष्टि से नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं के आधार पर भी देखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वयं इस अवसर पर उपस्थित नहीं हो सके, क्योंकि उनके पूर्व निर्धारित कार्यक्रम थे, किंतु भारत की गरिमापूर्ण उपस्थिति ने यह संदेश अवश्य दिया कि भारत अपने मित्र देशों के सुख-दुःख में सहभागी बनने की परंपरा का निर्वाह करता है।

दूसरी ओर ईरान के साथ भी उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और ऊर्जा संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण रहे हैं। ऐसे में किसी एक पक्ष के साथ अत्यधिक निकटता दूसरे पक्ष के साथ संबंधों को प्रभावित कर सकती है। किंतु भारत ने सदैव यह सिद्ध किया है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप स्वतंत्र विदेश नीति का अनुसरण करता है। ईरान से जुड़े हालिया घटनाक्रमों पर भारत की प्रतिक्रिया भी अत्यंत संतुलित रही। भारत ने ईरानी दूतावास जाकर शोक संवेदना व्यक्त की, किंतु किसी प्रकार के अंतरराष्ट्रीय आरोप-प्रत्यारोप में स्वयं को शामिल नहीं किया। भारत ने न तो अमेरिका की आलोचना की और न ही इजरायल के विरुद्ध कोई आक्रामक टिप्पणी की। यह वही कूटनीतिक परिपक्वता है, जिसने भारत को वैश्विक राजनीति में एक जिम्मेदार शक्ति के रूप में स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति का मूल आधार 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' रहा है। इसी कारण भारत ने किसी भी अंतरराष्ट्रीय दबाव के बजाय अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता दी है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद भारत ने रूस से तेल खरीदना जारी रखा, क्योंकि वह देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए आवश्यक था। साथ ही भारत ने अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ अपने संबंधों को भी मजबूत बनाए रखा। यह संतुलन साधना आसान नहीं था, किंतु भारत ने इसे सफलतापूर्वक निभाया। यही कारण है कि आज भारत को किसी गुट विशेष का सदस्य नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र वैशिक शक्ति के रूप में देखा जाता है। भारत और ईरान के संबंध हजारों वर्षों पुराने हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, भाषाई, साहित्यिक और व्यापारिक संबंधों का समृद्ध इतिहास रहा है। फारसी भाषा और संस्कृति का भारतीय सभ्यता पर गहरा प्रभाव रहा है। मुगल काल से लेकर आधुनिक युग तक दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान निरंतर चलता रहा है। आर्थिक दृष्टि से भी ईरान भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। भारत लंबे समय तक अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति ईरान से करता रहा है। अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण भारत को कुछ समय के लिए ईरान से तेल आयात रोकना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद दोनों देशों के संबंधों में कोई स्थायी कटुता नहीं आई।

चाबहार बंदरगाह परियोजना भारत और ईरान के रणनीतिक संबंधों का एक महत्वपूर्ण आयाम है। यह परियोजना भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करती है तथा पाकिस्तान को दरकिनार करते हुए क्षेत्रीय संपर्क और व्यापार के नए अवसर उपलब्ध कराती है। ऐसे समय में जब चीन 'बेल्ट एंड रोड' परियोजना के माध्यम से अपने प्रभाव का विस्तार कर रहा है, चाबहार भारत के लिए सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने पिछले एक दशक में अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। भारत ने अमेरिका के साथ रक्षा, तकनीक और निवेश के क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग विकसित किया है। इजरायल के साथ कृषि, रक्षा और नवाचार के क्षेत्र में नई साझेदारियां स्थापित हुई हैं। संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब के साथ भारत के आर्थिक एवं रणनीतिक संबंध नई ऊंचाइयों तक पहुंचे हैं। रूस के साथ परंपरागत मित्रता को भी भारत ने मजबूती प्रदान की है। यही नहीं, यूरोप, अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों के साथ भी भारत ने अपने संबंधों को नई दिशा दी है।

जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने जिस कुशलता और नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया, उसने विश्व समुदाय को प्रभावित किया। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना के साथ भारत ने वैश्विक दक्षिण की आवाज को मुखर किया। अफ्रीकी संघ को जी-20 की स्थायी सदस्यता दिलाने में भारत की भूमिका ऐतिहासिक रही। इससे यह स्पष्ट हुआ कि भारत केवल अपने हितों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह विकासशील देशों की आकांक्षाओं का भी प्रतिनिधित्व करता है। भारत की विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण पक्ष उसकी पड़ोसी नीति भी है। भारत ने सदैव 'पड़ोसी प्रथम' की नीति को अपनाया है। अफगानिस्तान में तालिबान शासन आने के बाद भी भारत ने वहां की जनता को मानवीय सहायता उपलब्ध कराई। भारत ने अनाज, दवाइयां और अन्य आवश्यक सामग्री भेजकर यह संदेश दिया कि उसका संबंध केवल सरकारों से नहीं, बल्कि वहां की जनता से भी है। कोविड-19 महामारी के दौरान 'वैक्सीन मैत्री' अभियान के माध्यम से भारत ने अनेक देशों को टीके उपलब्ध कराए। श्रीलंका जब आर्थिक संकट से जूझ रहा था, तब भारत ने उसे खाद्यान्न, ईंधन, दवाइयां और आर्थिक सहायता प्रदान की। नेपाल, भूटान, मालदीव और बांग्लादेश को भी भारत ने समय-समय पर हरसंभव सहयोग दिया है। यही कारण है कि भारत आज क्षेत्रीय स्थिरता और विकास का प्रमुख आधार बनकर उभरा है।

**ललित गर्ग**

# जीवन समतामय बने

ख़ाली हाथ आयें हैं और जाते हुए कुछ भी साथ नहीं ले जायेंगे । वह दुखियों के लिए अन्धकारमय जीवन के ज्योति हेतु और परेशान तथा मानसिक तनावग्रस्त लोगों के लिए सर्वोत्तम प्रकृतिक औषधि समतामय जीवन हैं। आदमी समता के अभाव में और आवेश के प्रभाव में कष्टानूभूति करता हैं । आदमी स्वयं स्वयं को दुःखी बना लेता हैं । दुःख को पैदा करने वाला मूल व्यक्ति स्वयं होता हैं । दूसरे निमित्त बन सकते हैं परन्तु सुख-दुःख का मूल कारण स्वयं से निमित्त होता है । वो जीवन ही क्या जिसमें उतार-चढ़ाव ना आये।वह जब हम अपने जीवन में प्रतिकूल समय का सामना करेंग़े और उस दर्द को सहने की हिम्मत जुटायेंगे तब ही अनुकूल समय की ख़ुशियाँ महसूस कर पायेंगे। इस जीवन में हर वस्तु परिवर्तन शील है।पानी वो ही होता है पर फ्रिज़र में रख देंगे तो बर्फ़ बन जाती है और फ्रीज़ के बाहर रख देंगे तो वापिस पानी हो जाता हैं।भगवान ने मनुष्य को वो समझ दी है कि जब समय विपरीत हो तो थोड़ा संयम धारण करे।वह मन में यही चिंतन करे कि जब एक दिन उदय होने से लेकर वापिस दूसरे दिन उदय तक कितने पहर देखता है।ठीक वैसे ही जीवन में बदलाव आये तो यही चिंतन रहे कि यह भी स्थायी नहीं रहेगा।वह अमावस्य की घोर अंधेरी रात आयी है तो कुछ दिनो बाद पूनम की चाँदनी भी दिखायी देगी। इस दुनिया में आयें हैं तो खोने-पीने, मौज कर चले जाने के लिये ही नहीं हैं ।उसके लिए भी लड़ाई-झगड़ा करते रहने के लिये नहीं बल्कि मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि मान सहअस्तित्व की भावना से जीने के लिये हैं । वह जीवन में समता सहयोग भाव रख आनंदमय जीवन बिताने के लिए जीवन हैं । यहां आनंदमय जीवन का तात्पर्य अर्थोपार्जन ही नहीं डाक्टर, इंजीनियर आदि बन नाम कमाना ही नहीं पर जीवन में सेवाभाव मुख्य रखना है।

**> प्रदीप छाजेड़**

## तेरापंथ महिला मंडल...

ललित गर्ग

# 'श्री उत्सव' एक कदम महिला स्वावलंबन की ओर

## महिला उद्यमिता और आत्मनिर्भरता से ही देश सशक्त : बांसुरी स्वराज

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल, दिल्ली पश्चिम द्वारा आयोजित 'श्री उत्सव' एक कदम स्वावलंबन की ओर का भव्य आयोजन जे.पी. सिद्धार्थ होटल, राजेंद्र नगर, नई दिल्ली में अत्यंत गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। यह आयोजन महिला सशक्तीकरण, स्वावलंबन और उद्यमिता को समर्पित एक प्रेरणादायी पहल के रूप में उभरकर सामने आया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सुमन नाहटा द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री कन्हैयालाल पटावरी (चेयरमैन, केएलजे ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज) तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में सुश्री बांसुरी स्वराज (सांसद, लोकसभा), श्री हरीश खुराना (सदस्य, दिल्ली विधानसभा), श्री विरेंद्र बब्बर (डायरेक्टर एवं प्रेसिडेंट, करोल बाग), श्री राम अवतार किला (संस्थापक अध्यक्ष, राजस्थान फाउंडेशन, दिल्ली) तथा सुखी परिवार फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री ललित गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने कहा- "महिलाओं को अवसर देना मात्र सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। 'श्री उत्सव' जैसे आयोजन महिलाओं के आत्मविश्वास, प्रतिभा और आर्थिक स्वावलंबन को नई दिशा देते हैं। जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनती हैं, तब परिवार सशक्त होता है, समाज प्रगतिशील बनता है और राष्ट्र नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है। यह मंच महिलाओं की क्षमता को पहचान दिलाने और उनके सपनों को उड़ान देने का स्वर्णिम अवसर है।"

तेरापंथ महिला मंडल, दिल्ली पश्चिम की अध्यक्षा श्रीमती चंदा डूंगरवाल एवं मंत्री श्रीमती मनीषा जैन ने तिलक लगाकर सभी मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की संरक्षिकाएं श्रीमती सायर बैंगाणी, श्रीमती पुष्पा बैंगाणी, सहमंत्री श्रीमती अर्चना भंडारी, दिल्ली-यू.पी. प्रभारी श्रीमती सुनीता जैन, कार्यकारिणी सदस्याएं श्रीमती प्रीति घोषल, श्रीमती सुनीता डूंगरवाल, श्रीमती राजुल मनोत, श्रीमती मंजू भुतोड़िया, श्रीमती समता भुतोड़िया, श्रीमती संस्कृति भंडारी एवं श्रीमती चंदना बराड़िया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, दिल्ली के अध्यक्ष श्री विमल बैंगाणी अपनी टीम के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। दिल्ली के चारों महिला मंडलों की अध्यक्षा एवं मंत्रीगण तथा विभिन्न क्षेत्रीय सभाओं के पदाधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सुमन नाहटा ने अपने उद्बोधन में आयोजन की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि ऐसे उपक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे। उन्होंने अपनी टीम के साथ संपूर्ण प्रदर्शनी का अवलोकन किया। 'श्री उत्सव' का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित करना, उनके हुनर को पहचान दिलाना तथा महिला उद्यमियों को अपने व्यवसाय के विस्तार हेतु एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना था। प्रदर्शनी में महिला उद्यमियों द्वारा लगाए गए 33 आकर्षक स्टॉलों पर हस्तनिर्मित वस्तुएं, परिधान, गृह सज्जा सामग्री, खाद्य उत्पाद एवं अन्य उपयोगी वस्तुओं का आकर्षक प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर तेरापंथ महिला मंडल द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवा-परियोजनाओं की जानकारी अध्यक्षा चंदा डूंगरवाल एवं मंत्री मनीषा जैन ने विस्तारपूर्वक दी। सभी अतिथियों ने महिला मंडल के सेवा, संगठन और स्वावलंबन के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए भविष्य में हरसंभव सहयोग एवं मार्गदर्शन देने का आश्वासन दिया। प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों में से श्रीमती समता जी, श्रीमती ममता कोठारी एवं श्रीमती सुमन बेगवानी के स्टॉल को 'सर्वश्रेष्ठ स्टॉल' के रूप में विशेष सराहना प्राप्त हुई। कार्यक्रम की संयोजिकाएं श्रीमती चंदना बराड़िया, श्रीमती मधु रांका, श्रीमती सुमन बैंगवानी एवं श्रीमती भावना नाहटा तथा सह-संयोजिकाएं श्रीमती रचना सुराणा, श्रीमती उर्मिला मेहता, श्रीमती सरोज फुलफगर एवं श्रीमती पूजा सिंघी रहीं। कार्यक्रम के प्रायोजकों में श्रीमती किरण देवी एवं श्रीमती रितु डूंगरवाल का विशेष सहयोग रहा।

प्रदर्शनी में सहभागिता करने वाले सभी स्टॉलधारकों (एक्जिबिटर्स) को आचार्य श्री महाश्रमण दिल्ली प्रवास समिति के अध्यक्ष श्री के. एल. जैन द्वारा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## प्रदेश भाजपा ...

अशोक त्रिपाठी

# यूपी की थाह लेने आ रहे नवीन

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केन्द्रीय नेता इन दिनों देख रहे हैं कि गोमती ने सरयू नदी तक का पानी क्या रंग तो नहीं बदल रहा है। अयोध्या मंे राम मंदिर चढ़ावे का मामला और विपक्षी दलों के नेताओं का खुला आरोप भाजपा के चिंतन का विषय बन गया है। उत्तर प्रदेश मंे भाजपा हैट्रिक की जोरदार तैयारी कर रही है। इसी के मद्देनजर योगी आदित्यनाथ की सरकार मंे फेरबदल किया गया और प्रदेश भाजपा संगठन का भी विस्तार हुआ है। भाजपा ने 2022 की हारी हुई सीटों पर तैयारी विशेष रूप से शुरू कर दी है। इस तरह की प्रत्येक सीट पर पार्टी ने प्रभारी तैनात कर दिये हैं जो वहां के बूथ, मंडल और शक्ति केन्द्र स्तर तक के सांगठनिक ढांचे को परख रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं मंे जोश और मनोबल भर दिया है। पंकज चौधरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा है कि आप अपनी जिम्मेदारी पूरी कीजिए, पार्टी आपकी चिंता करेगी। वहीं, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि केन्द्र और प्रदेश की सरकारों ने इतना काम किया है, उसे ठीक ढंग से आम जनता तक पहुंचा दिया जाए तो यूपी मंे भाजपा की हैट्रिक कोई रोक नहीं पाएगा। इन तैयारियों के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन आगामी तीन जुलाई को लखनऊ आ रहे हैं। उनका यह दो दिवसीय दौरा होगा और इस बइच वह यूपी की थाह लेंगे। विधानसभा चुनाव 2027 की दृष्टि से नितिन नवीन का यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इससे पहले वह उत्तराखंड की नब्ज भी देख चुके हैं। हालंाकि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के दौरे मंे काफी फर्क माना जा रहा है। प्रदेश भाजपा संगठन की नई टीम के गठन के बाद पार्टी अब चुनावी तैयारियों को धार देने में जुट गई है। खास तौर से हारी हुई सीटों को लेकर पार्टी के स्तर पर कारगर रणनीति बनाने का काम शुरू हो गया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जुलाई के पहले सप्ताह में दो दिवसीय दौरे पर लखनऊ आएंगे। उनके दौरे की अधिकारिक जानकारी तो नहीं दी गई है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक वे 3 व 4 जुलाई को लखनऊ में रहकर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के साथ ही संगठन के कामकाज का जायजा लेंगे। प्रदेश भाजपा संगठन की नई टीम की घोषणा और चुनावी तैयारियों के बीच उनका दौरा काफी अहम माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक नितिन दौरे के दौरान पार्टी संगठन के नेताओं व विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के साथ अलग-अलग बैठक करेंगे। वह सीएम योगी आदित्यनाथ और आरएसएस के पदाधिकारियों से भी मुलाकात कर सकते हैं। वे नई टीम के अलावा क्षेत्रीय टीम से भी विचार-विमर्श करेंगे। इसी कड़ी में 28 जून को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बैठक कर अवध, गोरखपुर और कानपुर क्षेत्र की हारी सीटों के संबंध में रणनीति पर चर्चा की। बैठक में तीनों क्षेत्रों के पदाधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में तय हुआ है कि हारी सीटों पर विधानसभावार प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। प्रभारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जाकर जिला, मंडल और बूथ स्तर तक के संगठन, मुद्दों और मतदान की रणनीति के बारे में फीडबैक जुटाएंगे।

## जरा हटके

# कीथ सोंडरलिंग अमेरिका के श्रममंत्री नामित

डोनाल्ड ट्रंप ने कीथ सोंडरलिंग को श्रम मंत्री के पद के लिए नामित करने की घोषणा की है। अब वो अमेरिका में लेबर सचिव होंगे। दरअसल वहां के मंत्रियों को सचिव ही कहा जाता है। फिलहाल कार्यवाहक श्रम मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे सोंडरलिंग को स्थायी रूप से इस पद पर नियुक्त करने के लिए अब सीनेट की मंजूरी की जरूरत होगी। अमेरिका में किसी भी कैबिनेट मंत्री की नियुक्ति के लिए सीनेट की मंजूरी जरूरी होती है। कीथ सोंडरलिंग इससे पहले उप श्रम मंत्री के पद के लिए रिपब्लिकन बहुमत वाली सीनेट से 53-46 मतों से मंजूरी हासिल कर चुके हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उनके पास प्रशासनिक अनुभव होने के कारण इस बार भी मंजूरी मिलने की संभावना मजबूत है। हालांकि, अंतिम फैसला सीनेट की सुनवाई और मतदान के बाद ही होगा। पूर्व श्रम मंत्री लोरी शावेज-डीरेमर ने अप्रैल में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उनके खिलाफ सत्ता के दुरुपयोग और विभागीय आचरण से जुड़े कई आरोप सामने आए थे। रिपोर्टों के मुताबिक, श्रम विभाग के महानिरीक्षक ने आरोपों की जांच शुरू की थी। आरोप था कि वह और उनके करीबी सहयोगी युवा कर्मचारियों से निजी काम कराते थे। उन पर सरकारी दौरों का इस्तेमाल निजी कारणों के लिए करने और कार्यालय में शराब पीने जैसे आरोप भी लगे थे। हालांकि, शावेज-डीरेमर ने सभी आरोपों से इनकार किया है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब पूर्व श्रम मंत्री लोरी शावेज-डीरेमर के इस्तीफे के बाद यह पद खाली पड़ा था।ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कीथ सोंडरलिंग के नाम की घोषणा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे करियर में मेहनतकश अमेरिकी नागरिकों के लिए काम किया है। ट्रंप ने विश्वास जताया कि सोंडरलिंग नई जिम्मेदारी में भी शानदार काम करेंगे। सोंडरलिंग अप्रैल से कार्यवाहक श्रम मंत्री के रूप में विभाग का नेतृत्व कर रहे हैं और इससे पहले भी ट्रंप प्रशासन में कई अहम पदों पर काम कर चुके हैं। श्रम मंत्रालय अमेरिका में रोजगार, श्रमिक अधिकार, वेतन, कार्यस्थल सुरक्षा और श्रम नीतियों से जुड़े मामलों का प्रमुख विभाग है। ऐसे में ट्रंप प्रशासन के लिए इस पद पर एक अनुभवी और भरोसेमंद चेहरा नियुक्त करना महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# कराची पर हमले से सबक ले पाक



कराची के गुलिस्तान-ए-जौहर इलाके में स्थित पाकिस्तान रेंजर्स के एक सुरक्षा शिविर पर हुए हमले में कम से कम तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हुए। पाकिस्तान की सेना के जनसंपर्क विभाग के अनुसार हमलावरों ने पहले मुख्य द्वार पर विस्फोट किया और उसके बाद सुरक्षा घेरे को तोड़कर शिविर में घुसने का प्रयास किया। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हमले को विफल करने का दावा किया। पाकिस्तान के कराची शहर में सुरक्षा प्रतिष्ठान पर हुए हमले के बाद एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान ने इस हमले के पीछे भारत का हाथ होने का आरोप लगाया है, जबकि भारत ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार और बेबुनियाद बताते हुए सख्ती से खारिज कर दिया है। भारत ने पाकिस्तान को सलाह दी है कि वह दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय अपने देश में मौजूद आतंकवादी ढांचे के खिलाफ ठोस कार्रवाई करे। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब पाकिस्तान के विभिन्न प्रांतों में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि देखी जा रही है और देश की आंतरिक सुरक्षा गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है।

भारत के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने स्पष्ट कहा कि कराची की घटना को लेकर पाकिस्तान द्वारा लगाए गए आरोप पूरी तरह आधारहीन हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अपनी समस्याओं के लिए दूसरों को दोष देने के बजाय अपने देश में सक्रिय आतंकवादी संगठनों के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए। भारत का यह भी कहना है कि पाकिस्तान लंबे समय से आतंकवाद को अपनी राज्य नीति के एक साधन के रूप में इस्तेमाल करता रहा है और अब उसे इस प्रवृत्ति से बाहर निकलने की आवश्यकता है।

कराची के गुलिस्तान-ए-जौहर इलाके में स्थित पाकिस्तान रेंजर्स के एक सुरक्षा शिविर पर हुए हमले में कम से कम तीन सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हुए। पाकिस्तान की सेना के जनसंपर्क विभाग के अनुसार हमलावरों ने पहले मुख्य द्वार पर विस्फोट किया और उसके बाद सुरक्षा घेरे को तोड़कर शिविर में घुसने का प्रयास किया। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हमले को विफल करने का दावा किया।

हमले के तुरंत बाद पाकिस्तान के सूचना मंत्री मोहसिन नकवी ने दावा किया कि इस घटना के पीछे भारत का समर्थन प्राप्त आतंकवादी समूह हैं। हालांकि उन्होंने अपने आरोपों के समर्थन में कोई सार्वजनिक साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया। भारत ने इसी आधार पर इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि बिना प्रमाण के लगाए गए ऐसे आरोप केवल वास्तविक समस्या से ध्यान भटकाने का प्रयास हैं।

दरअसल, पाकिस्तान इस समय कई मोर्चों पर आतंकवादी हिंसा का सामना कर रहा है। कराची के अलावा बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में भी हाल के दिनों में कई हमले हुए हैं। बलूचिस्तान में सक्रिय संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने जियारत स्थित एक सैन्य शिविर पर हमले की जिम्मेदारी ली है। इसी प्रकार जमात-उल-अहरार जैसे उग्रवादी संगठनों की गतिविधियां भी सुरक्षा एजेंसियों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई हैं।

**- वीपी राहुल-हिफी फीचर**

## सासनीगेट के मदारगेट चौकी के पास हादसा, पुलिस-स्थानीय लोगों ने किया रेस्क्यू

# खंडहर मकान की छत गिरी, मजदूर दबे

**घटना**

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़। अलीगढ़ में मंगलवार दोपहर डेढ़ बजे एक दो मंजिला जर्जर मकान को गिराने के दौरान अचानक उसकी छत भरभराकर नीचे गिर गई। इस हादसे में वहां काम कर रहे दो मजदूर मलबे के नीचे दब गए। छत गिरते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही सासनीगेट पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर दोनों मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना थाना सासनीगेट क्षेत्र के मदारगेट चौकी के पास हुई।

घायल मजदूर सद्दीक ने बताया कि वह आजमाबाद के माशूका का रहने वाला है और चमन नाम के





ठेकेदार के तहत मजदूरी का काम करता है। मदारगेट चौकी के पास स्थित एक पुरानी दो मंजिला इमारत को तोड़ने का काम चल रहा था। सद्दीक और उसका साथी अनवर दूसरी मंजिल पर काम कर रहे थे, तभी अचानक छत ढह गई। हादसे के वक्त दोनों मजदूर मलबे की चपेट में आ गए।

### *20 मिनट तक मलबे में दबा रहा मजदूर*

*सद्दीक ने बताया कि हम दूसरी मंजिल पर काम कर रहे थे कि अचानक छत गिर गई। मेरा साथी अनवर किसी तरह मलबे से बाहर निकलकर भागा और उसने जोर-जोर से हल्ला मचाया। उसकी आवाज सुनकर आसपास के लोग और पुलिस मौके पर पहुंच गई। उसने बताया कि वह करीब 15 से 20 मिनट तक मलबे में दबा रहा। इसके बाद लोगों ने उसे खींचकर बाहर निकाला।*

- मदारगेट पुलिस चौकी के पीछे जर्जर मकान की छत गिरने से दो मजदूर दब गए।
- सासनीगेट के मदारगेट चौकी के पीछे जर्जर मकान की छत गिरने से मलबे में दबे मजदूरों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### सिर में आई चोटें, हालत खतरे से बाहर

मलबे से निकाले जाने के बाद दोनों घायल मजदूरों को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे में सद्दीक और अनवर दोनों के सिर में चोटें आई हैं। चिकित्सक का कहना है कि दोनों को कोई गंभीर चोट नहीं लगी है।

प्राथमिक उपचार दिया गया है, दोनों की हालत खतरे से बाहर है। घायल मजदूर का कहना है कि वे केवल अपनी मजदूरी और सही इलाज कराकर सकुशल घर लौटना चाहते हैं। घटना के समय मकान मालिक और ठेकेदार दोनों मौके पर ही मौजूद थे और उन्होंने ही घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की।



मदारगेट पुलिस चौकी के पीछे जर्जर मकान की छत गिरने से दो मजदूर दब गए।



मलबे में दबे घायल मजदूरों का जिला अस्पताल में इलाज करते चिकित्सक।

### पुलिस ने संभाला मोर्चा

घटना के बाद मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई थी और कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। सीओ प्रथम संजीव कुमार ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत एक्शन लिया। स्थानीय नागरिकों के सहयोग से त्वरित रेस्क्यू कर दोनों मजदूरों को समय रहते निकाल लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

## कुपोषण पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं : विवेक कुमार

### पोषण सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा की

तमसा संकेत, एजेंसी

मऊ। मऊ के विकास भवन सभागार में जिला पोषण समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रभारी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी विवेक कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पोषण अभियान, सक्षम अभियान 6.0 और आंगनबाड़ी केंद्रों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी रंजीत कुमार ने सक्षम अभियान 6.0 के पांच प्रमुख घटकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान की थीम गर्भावस्था से बाल्यावस्था तक पोषण सुरक्षा है। इसके तहत गर्भवती, धात्री महिलाओं, नवजात शिशुओं और बच्चों के बेहतर पोषण व स्वास्थ्य के लिए समन्वित प्रयास किए जाएंगे। गंभीर और मध्यम कुपोषण की रोकथाम तथा प्रभावी प्रबंधन पर




विशेष ध्यान दिया जाएगा। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी बाल विकास परियोजना अधिकारियों (CDPOs) को कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी चिन्हित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर उनका ई-कवच पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

**फास्ट न्यूज**

### स्मार्ट-मीटर के नाम एक्स्ट्रा वसूला

उत्तर प्रदेश। प्रदेश में 10 सिंतबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 के बीच नया बिजली कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत जुलाई से मिलेगी। बिजली कंपनियों को इनके बिजली बिल में 150 करोड़ एडजस्ट करने हैं। ये रकम कंपनियों ने स्मार्ट मीटर के नाम पर 3200 से 7241 रुपए अधिक वसूले थे। पावर कॉर्पोरेशन के आईटी विंग और निदेशक वाणिज्य ने इसकी पुष्टि की है।

### रोजगार सेवकों ने सौंपा ज्ञापन

देवरिया। देवरिया के रामपुर कारखाना में रोजगार सेवकों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन सहायक कार्यक्रम अधिकारी (APO) अभिषेक सिंह की उपस्थिति में प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों और समस्याओं को उजागर किया। इस अवसर पर उपस्थित रोजगार सेवकों में अभिषेक त्रिपाठी, राहुल आर्य, सूरज प्रताप, अमन कुमार, संतोष यादव, सरस्वती देवी, प्रियंका राव और रंजना राव शामिल थे।

### हरदोई में करंट से दो भैंसों की मौत

हरदोई। हरदोई जिले में मंगलवार सुबह हुई तेज बारिश के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। शहर के नवीपुरवा मोहल्ले में बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आने से दो भैंसों की मौत हो गई। इस घटना से पशुपालक लाल मोहम्मद उर्फ लालू गाजी पर आर्थिक संकट गहरा गया है। यह घटना सुबह करीब 10 बजे हुई, जब लाल मोहम्मद अपनी दोनों भैंसों को लेकर मैदान की ओर जा रहे थे।

## मुर्दाघर में महिला की लाश का कान कीड़े खा गए

### बॉडी पर रेंग रहे थे, झांसी मेडिकल कॉलेज में घरवालों ने किया हंगामा

तमसा संकेत, एजेंसी

झांसी। झांसी मेडिकल कॉलेज की मॉर्च्युरी (मुर्दाघर) में रखे महिला के शव का कान कीड़े खा गए। घरवाले मंगलवार दोपहर 1:30 बजे जब मॉर्च्युरी पहुंचे, तो शव पर कीड़े रेंगते मिले। इसके बाद घरवालों ने मेडिकल कॉलेज मैनेजमेंट पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। मामला बड़ागांव थाना क्षेत्र की रहने वाली पूजा (24) पत्नी जितेंद्र से जुड़ा है, जिसकी 29 जून (सोमवार) की रात सड़क हादसे में मौत हो गई थी। हादसे के बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज की मॉर्च्युरी में रखा गया था। पूजा के भाई मुकेश कुशवाहा ने बताया- मेरी बहन की शादी साल-2021 में जितेंद्र से हुई थी। बहन 26 जून (शुक्रवार) को अपने पति जितेंद्र और 4 साल की बेटी



पूजा, मृतक

राशि के साथ उरई में अपने मामा के बेटे की शादी में शामिल होने गई थी। सोमवार रात तीनों लोग बाइक से वापस अपने घर बड़ागांव लौट रहे थे। मुकेश के मुताबिक, सोमवार रात करीब 11 बजे जब वे लोग मोठ थाना क्षेत्र स्थित फ्लाईओवर के पास पहुंचे, तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि पूजा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उसके पति जितेंद्र और बेटी राशि को गंभीर चोटें आई हैं। मुकेश कुशवाहा का कहना है कि हादसे के बाद मैं खुद बहन के शव को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा था।

# प्रिंसिपल ने सिर कूचकर क्लर्क को मार डाला

## कार की डिग्गी में छिपाई लाश, 22 कि.मी दूर कासगंज में दफनाने पहुंचा

तमसा संकेत, एजेंसी

एटा। एटा में सरकारी इंटर कॉलेज के एक प्रिंसिपल ने रविवार रात 35 साल के क्लर्क की ईंट से कूचकर हत्या कर दी। आरोपी ने पहले ईंट से क्लर्क के सिर पर कई वार किए। इसके बाद मुंह और नाक पर भी ईंट से हमला किया था। हत्या के बाद आरोपी ने शव को प्लास्टिक की बोरी में भरकर अपनी कार की डिग्गी में छिपा दिया। फिर रात के अंधेरे में करीब 22 किलोमीटर दूर कासगंज में शव को ठिकाने लगाने के लिए निकल पड़ा। इसी दौरान सूचना मिलने पर डायल-112 पुलिस ने रात 11:45 बजे उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर कसेला गांव में माधवनंद इंटर कॉलेज है। कसेला गांव में कॉलेज के पास प्रिंसिपल कृष्ण कुमार पांडेय (58) का घर है। कॉलेज से 200 मीटर की दूर क्लर्क राहुल पांडेय का मकान है। प्रिंसिपल कृष्ण कुमार का पीएफ फंड के दस्तावेजों को लेकर कुछ समय से विवाद चल रहा था। रविवार को छुट्टी



राहुल पांडेय, मृतक

होने के बावजूद प्रिंसिपल ने राहुल को कॉलेज बुलाया। राहुल सुबह करीब 11 बजे जरूरी काम बताकर बैग लेकर घर से निकले, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे। इस पर परिजनों को चिंता हुई तो उन्होंने तलाश शुरू की। शाम करीब 5 बजे जब परिवार के लोग कॉलेज पहुंचे तो मैदान में राहुल का बैग पड़ा मिला, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं था। इसके बाद जैथरा थाने में गुमशुदगी की सूचना दी गई, जिस पर पुलिस ने जांच शुरू की। मृतक के भाई आदित्य कुमार ने बताया गया कि मेरा भाई स्कूल में काम करने गया था। इसके बाद गांव के ही स्कूल के प्रिंसिपल कृष्ण कुमार पांडेय और चपरासी राजकुमार द्वारा अपहरण कर लिया गया।

### प्रिंसिपल की कार की डिग्गी से मिला शव

पुलिस राहुल का पता लगा रही थी। रात करीब 11:30 बजे प्रिंसिपल कृष्ण कुमार पांडेय कासगंज पहुंचे और कॉलेज के कर्मचारी राजकुमार को फोन किया। बताया कि उन्होंने राहुल की हत्या कर दी है। लाश को कार की डिग्गी में छिपाया है, जल्द ठिकाने लगा दूंगा। राजकुमार ने तुरंत डायल-112 पर सूचना दी कि कॉलेज के प्रिंसिपल कार की डिग्गी में शव लेकर कासगंज की तरफ गए हैं। सूचना मिलते ही कासगंज की पटियाली थाना पुलिस ने रात करीब पौने 12 बजे प्रिंसिपल की लखनऊ नंबर की कार को रोक लिया। पुलिस ने जब कार की डिग्गी खुलवाई तो उसमें प्लास्टिक के बोरे में राहुल पांडेय का शव मिला। शव के सिर, मुंह और नाक पर गंभीर चोटों के निशान थे। पुलिस ने मौके पर ही प्रिंसिपल को हिरासत में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### *दस्तावेजों पर साइन नहीं कर रहे थे प्रिंसिपल*

*पुलिस जांच में सामने आया है कि कॉलेज में पीएफ फंड और अन्य कागजी कार्रवाई को लेकर क्लर्क और प्रिंसिपल के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि जरूरी दस्तावेजों पर प्रिंसिपल कृष्ण कुमार पांडेय साइन नहीं कर रहे थे, जिसको लेकर दोनों के बीच अक्सर कहासुनी होती थी। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने बताया कि विवाद बढ़ने पर उसने गुस्से में ईंट से राहुल के सिर पर वार किया और बाद में मुंह व नाक पर घूसे मारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को बोरे में भरकर कार की डिग्गी में रख लिया और उसे ठिकाने लगाने निकल पड़ा।*

**पुलिस को सूचना मिली थी कि लखनऊ नंबर की एक कार में शव ले जाया जा रहा है। घेराबंदी कर कार रोकी गई तो डिग्गी से शव बरामद हुआ। शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने ईंट और घूसों से हमला कर हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। मृतक के भाई की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना एटा के जैथरा थाना क्षेत्र की है।**

## राहुल गांधी के वॉयस मिलान मामले में सुनवाई टली

### समय के अभाव के कारण प्रभावित हुई कार्रवाई, कोर्ट कल फिर करेगी सुनवाई

तमसा संकेत, एजेंसी

सुलतानपुर। सुल्तानपुर में राहुल गांधी के वॉयस मिलान मामले में मंगलवार को सुनवाई टल गई। समयाभाव के कारण यह कार्रवाई प्रभावित हुई। कोर्ट ने अब इस मामले में सुनवाई के लिए 1 जुलाई की तारीख तय की है। यह मामला लगभग आठ वर्ष पुराना है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने एक प्रेस वार्ता में तत्कालीन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक बयान दिया था। इस बयान से आहत होकर सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्रा ने दीवानी



न्यायालय में परिवाद दाखिल किया था। कोर्ट ने इसे स्वीकार करते हुए मुकदमा चलाने का आदेश दिया। राहुल गांधी ने 20 फरवरी 2024 को इस मामले में जमानत ली थी और 26 जुलाई 2024 को अपना बयान दर्ज करवाया था। सुनवाई के दौरान वादी पक्ष के अधिवक्ता ने राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान की सीडी की आवाज का उनकी वास्तविक आवाज से विधि विज्ञान प्रयोगशाला में मिलान करवाने का अनुरोध किया था। निचली अदालत ने इस अनुरोध को खारिज कर दिया था, जिसके बाद विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने एडीजे-5 की कोर्ट में रिवीजन याचिका दाखिल की थी।

राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि इसी रिवीजन याचिका पर आज एडीजे-5 की कोर्ट में बहस होनी थी, लेकिन समय की कमी के कारण सुनवाई टाल दी गई। अब इस पर 1 जुलाई को सुनवाई होगी। वहीं, मानहानि के मूल मुकदमे में एमपी-एमएलए कोर्ट में 6 जुलाई को सुनवाई निर्धारित की गई है।

### डीआईजी वैभव कृष्ण ने बनारस घुमाया, बाबा विश्वनाथ के दर्शन करवाए

# 40 आदिवासी महिलाओं ने पहली बार देखा शहर

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। यूपी की 40 आदिवासी महिलाओं ने सोमवार को पहली बार शहर देखा। वाराणसी जोन के DIG वैभव कृष्ण ने उन्हें दोपहर करीब ढाई बजे बनारस शहर घुमाया और मंदिरों के दर्शन भी करवाए।

महिलाएं वाराणसी से 95 किमी दूर पंडी गांव की रहने वाली हैं। ये गांव चंदौली जिले में है, जो मुख्यालय से करीब 45 किमी दूर पहाड़ और जंगलों से घिरा है।

DIG ने महिलाओं को गांव से बनारस शहर लाने के लिए बस का इंतजाम किया था। सुबह 9 बजे पुलिस की विशेष बस पंडी गांव पहुंची। बस से 40 महिलाओं



और 10 पुरुषों को बनारस लाया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए दो इंस्पेक्टर और चार दरोगा भी साथ रहे।

करीब 80 घरों की आबादी वाले पंडी गांव के अधिकांश लोग अब तक किसी शहर नहीं गए थे। महिलाएं अपने घरों की दहलीज और गांव तक ही सीमित रहीं। गांव में जाने के लिए रास्ता सही नहीं है। जंगल के रास्ते जाना पड़ता है। पुलिस विभाग ने मिशन शक्ति अभियान के तहत आदिवासी ग्रामीणों को बाबा काशी विश्वनाथ, दुर्गाकुंड, संकटमोचन मंदिर के



दर्शन कराए गए। 15 जून को डीआईजी वैभव कृष्ण नौगढ़ क्षेत्र के पंडी गांव पहुंचे थे। गांव की महिलाओं से बातचीत के दौरान उन्होंने जाना कि अधिकांश महिलाओं ने आज तक शहर नहीं देखा है। यह सुनकर वे भौचक्के रह गए। जब डीआईजी ने महिलाओं से पूछा कि अगर किसी शहर को देखने या घूमने का मौका मिले तो वो कहां जाना पसंद करेंगी। महिलाओं ने बिना किसी झिझक के बनारस शहर और बाबा काशी विश्वनाथ, संकटमोचन मंदिर के दर्शन की इच्छा जताई थी।

महिलाओं की बातें सुनकर अधिकारी भावुक हो उठे थे। मौके पर ही डीआईजी ने चंदौली पुलिस को मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत यात्रा की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### नारेबाजी : कलेक्ट्रेट पर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारे लगाए, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# अलीगढ़ में महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

अलीगढ़। अलीगढ़ में मंगलवार को किसानों की समस्याओं, खाद की किल्लत और बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व विधायक Vivek Bansal ने किया। बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने किसानों को समय पर खाद न मिलने और लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। बाद में प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसीएम द्वितीय दिग्विजय सिंह को सौंपा और किसानों की समस्याओं के जल्द समाधान की मांग की। कांग्रेस




नेताओं ने कहा कि वर्तमान समय में किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे फसल उत्पादन प्रभावित हो रहा है। वहीं दूसरी ओर डीजल, खाद्य सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी से आम जनता की आर्थिक स्थिति पर भी बुरा असर पड़ रहा है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार केवल घोषणाएं कर रही है, जबकि जमीनी स्तर पर समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में काफी देर तक नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ विरोध जताया।

### गुटबाजी के सवाल पर दिया जवाब

भाजपा प्रवक्ता के कांग्रेस में गुटबाजी संबंधी बयान पर विवेक बंसल ने कहा कि पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन उन्हें आपसी बातचीत से सुलझा लिया जाता है। साथ ही उन्होंने भाजपा पर भी अंदरूनी मतभेदों का आरोप लगाया। प्रदर्शन में पूर्व विधायक विवेक बंसल, जिलाध्यक्ष ठाकुर सोमवीर सिंह, महानगर अध्यक्ष नवेद खान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग

कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में मांग की कि सहकारी समितियों और बाजारों में खाद एवं प्रमाणित बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही खाद-बीज की कालाबाजारी और जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की। ज्ञापन में किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति देने और सरकारी स्कूलों में खाली पदों पर जल्द नियुक्ति कर शिक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग भी उठाई गई।

### पूर्व विधायक विवेक बंसल बोले- किसान और मजदूर परेशान

पूर्व विधायक विवेक बंसल ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया गया था, लेकिन आज किसान और मजदूर आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। उनका कहना था कि बढ़ती महंगाई और खाद की कमी ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद नहीं मिल रही है। कई किसानों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी पर्याप्त खाद नहीं मिल पा रही है। इसके साथ ही बिजली कटौती से भी खेती का काम प्रभावित हो रहा है।


# खेत में खेल रहे मासूम को कोबरा सांप ने काटा

### चीख सुनकर माता-पिता दौड़कर पहुंचे, पूरे शरीर में फैल गया

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई। हरदोई के हरियावां थाना क्षेत्र के रामनगरिया गांव में खेत में खेल रहे 3 साल के मासूम को कोबरा ने डस लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना माता-पिता के सामने हुई। मासूम को मेडिकल कॉलेज में सोमवार की रात 9:31 पर मृत घोषित किया गया।

मंगलवार की दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम हुआ। मृतक बच्चे की पहचान राजवीर (3) के रूप में हुई है। उसके पिता जबर सिंह मूल रूप से टड़ियावां थाना क्षेत्र के कोदन्ना गांव के निवासी हैं और लुधियाना में मजदूरी करते हैं। वे दो दिन पहले अपने साढ़ू



के घर रामनगरिया गांव गए हुए थे। सोमवार की देर शाम घटना के समय जबर सिंह और उनकी पत्नी खेत में धान की रोपाई कर रहे थे।

राजवीर अन्य बच्चों के साथ खेत की मेढ़ पर खेल रहा था। इसी दौरान झाड़ियों से निकले एक काले कोबरा ने उसे डस लिया। बच्चे की चीख सुनकर माता-पिता दौड़कर उसके पास पहुंचे, लेकिन तब तक जहर उसके शरीर में फैलना शुरू हो चुका था।

बच्चे के पिता जबर सिंह ने बताया, हम अपनी आंखों के सामने उसे खेलते देख रहे थे, भगवान ने हमें संभलने का मौका भी नहीं दिया। परिजन तुरंत राजवीर को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

डॉक्टर ने बच्चे को बचाने की हरसंभव कोशिश की, लेकिन कोबरा का जहर उसके शरीर में तेजी से फैल चुका था।

रात के समय राजवीर ने दम तोड़ दिया। शहर कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि शव का पंचनामा भरवाया गया है।

## नगर निगम ने सड़क से हटाया अतिक्रमण, सब्जी विक्रेताओं ने किया विरोध

# अवैध सब्जी मंडी पर चला बुलडोजर

**अभियान**

तमसा संकेत, एजेंसी

आगरा। आगरा में सड़क पर लंबे समय से लग रही अवैध सब्जी मंडी पर मंगलवार दोपहर 12 नगर निगम का बुलडोजर चला। पुलिस की मौजूदगी में चले अभियान के दौरान सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। कई सब्जी विक्रेताओं का सामान जब्त कर लिया गया।

ताजगंज थाना क्षेत्र के बसई स्थित पर्यटन थाना रोड पर करीब एक किलोमीटर तक सब्जी विक्रेताओं का कब्जा था। दोनों ओर अतिक्रमण होने से सड़क पर दोपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल हो गया था।

नगर निगम की कई चेतावनियों



के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटने पर कार्रवाई की गई।

विरोध की कोशिश के बीच टास्क फोर्स और पुलिस ने अभियान

- पैर से मारकर सब्जी विक्रेताओं के सामान को हटाता टास्क फोर्स का कर्मचारी।
- सब्जी विक्रेताओं के सामान को ट्रक में लोड किया गया।
- बुलडोजर की मदद से सब्जी विक्रेताओं का सामान जब्त कर लिया गया।

पूरा कराया और सड़क को साफ कर पानी निकासी की व्यवस्था भी कराई।

नगर निगम के अधिकारियों के मुताबिक, सब्जी विक्रेताओं को कई बार अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद सड़क खाली नहीं कराई गई। इसके बाद मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे नगर निगम की टीम बुलडोजर और टास्क फोर्स के साथ मौके पर पहुंची।

### सड़क के दोनों ओर सब्जी विक्रेताओं का कब्जा था

ताजगंज थाना क्षेत्र के बसई स्थित पर्यटन थाना रोड पर लंबे समय से सड़क किनारे अवैध सब्जी मंडी लग रही थी। करीब एक किलोमीटर तक दोनों ओर सब्जी विक्रेताओं का कब्जा होने से सड़क संकरी हो गई थी। हालात ऐसे थे कि चारपहिया वाहन तो दूर, दोपहिया वाहन निकालना भी मुश्किल हो गया था।



■ अवैध सब्जी मंडी में अतिक्रमण हटाता बुलडोजर।



### सब्जी विक्रेताओं ने विरोध करने की कोशिश की

कार्रवाई शुरू होते ही कुछ सब्जी विक्रेताओं ने विरोध करने की कोशिश की, लेकिन टास्क फोर्स और पुलिस ने उन्हें हटाकर अभियान जारी रखा। इस दौरान कई विक्रेताओं ने अपना सामान समेट लिया, जबकि नगर निगम ने कई दुकानदारों का सामान जब्त कर ट्रक में लोड कर लिया। अतिक्रमण हटाने के बाद बुलडोजर की मदद से सड़क को समतल किया गया। सड़क पर जमा मिट्टी और गंदगी साफ कराई गई तथा पानी निकासी की व्यवस्था भी बनाई गई। नगर निगम ने अभियान पूरा कर पर्यटन थाना रोड को अतिक्रमण मुक्त कराने का दावा किया।

# फर्रुखाबाद में महिला की करंट लगने से मौत

**खाना बनाते समय फर्राटा पंखे से हादसा, तीनों बच्चों का रो रो कर बुरा हाल**

तमसा संकेत, एजेंसी

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद के नवाबगंज थाना क्षेत्र के पुठरी गांव में सोमवार देर रात करंट लगने से 30 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला घर में खाना बनाते समय फर्राटा पंखे का प्लग निकाल रही थी, तभी वह करंट की चपेट में आ गई। जानकारी के अनुसार, मृतका की पहचान काजल के रूप में हुई है। प्लग निकालते समय करंट लगने से वह अचेत होकर पंखे से चिपक गईं। खेत से काम करके लौटे उनके ससुर छविनाथ ने जब काजल को चिपका देखा तो उन्होंने शोर मचाया। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। परिजन तत्काल काजल को डॉ. राममनोहर लोहिया जिला अस्पताल ले गए। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हादसे के बाद परिवार में मातम छा



गया है। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर पुलिस को सूचना दी। मंगलवार को नवाबगंज थाने के उपनिरीक्षक (एसआई) सत्यनारायण ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतका के जेठ पवन कुमार ने बताया कि यह हादसा पूरी तरह अचानक हुआ। काजल रोज की तरह खाना बना रही थीं, तभी पंखे का प्लग निकालते समय करंट लगने से उनकी जान चली गई। काजल अपने पीछे पति शेर सिंह और तीन छोटे बच्चों को छोड़ गई हैं।

**फास्ट न्यूज**

### अहिल्याबाई होल्कर प्रतिमा अनावरण समारोह

आगरा। आगरा के एत्मादपुर में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के गौरव पर्व आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर मातेश्वरी की प्रतिमा का भव्य अनावरण होगा। कार्यक्रम शुरू हो चुका है। केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर, डॉ. धर्मपाल सिंह सहित कई नेता मंच पर पहुंच चुके हैं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला दोपहर लगभग 2 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुचेंगे।

### मर्चेंट नेवी कर्मचारी के पासपोर्ट की जब्ती पर रोक

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मर्चेंट नेवी में कार्यरत एक कर्मचारी सुशांत पांडेय के पासपोर्ट की जब्ती पर अस्थायी रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति अजित कुमार और न्यायमूर्ति विनय कुमार द्विवेदी की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किया। याची के विरुद्ध जनपद जौनपुर के थाना सरपतहा में वर्ष 2017 में धारा 323 और 325 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है, जो न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम, जौनपुर की अदालत में विचाराधीन है। पासपोर्ट नवीनीकरण के समय पांडेय को इस लंबित मुकदमे की जानकारी नहीं थी।

### सपा ने बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग की

देवरियाद्ध। देवरिया में समाजवादी पार्टी (सपा) ने बरहज विधानसभा क्षेत्र में बिजली कटौती और खराब बिजली व्यवस्था के विरोध में प्रदर्शन किया। पार्टी नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो बड़े पैमाने पर धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा। यह प्रदर्शन सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व में आयोजित किया गया था।

# बांके बिहारी मंदिर के पास हवा में उड़े नोट

**बंदर दर्शन करने आए श्रद्धालु का पर्स लेकर भाग गया था**

तमसा संकेत, एजेंसी


मथुरा। वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर से जुड़े दो वीडियो सामने आए हैं। एक वीडियो में मंदिर के मुख्य द्वार के पास छत से नोट नीचे गिरते दिखाई दे रहे हैं, जबकि दूसरे वीडियो में मंदिर की गली में दान के सिक्के बिखरे नजर आ रहे हैं। दोनों वीडियो को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पहला वीडियो दो दिन पुराना बताया जा रहा है। इसमें बांके बिहारी मंदिर के गेट नंबर-1 की छत से नोट नीचे गिरते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में एक कर्मचारी डंडे की मदद से मुंडेर पर पड़े नोटों को नीचे गिराता नजर आ रहा है। जानकारी के मुताबिक, दर्शन करने आए एक श्रद्धालु का पर्स बंदर छीनकर ले गया था। बंदर पर्स को मंदिर की मुंडेर पर ले गया और



उसे फाड़ दिया, जिससे उसमें रखे नोट इधर-उधर बिखर गए। श्रद्धालु की सूचना पर मंदिर कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद मुंडेर पर पड़े नोट नीचे गिराकर उन्हें वापस दिलाया। दूसरा वीडियो सोमवार दोपहर का बताया जा रहा है। इसमें मंदिर की सुरक्षा में तैनात निजी सुरक्षा कर्मी दानपात्र (गोलक) से निकली राशि बैंक ले जाते दिखाई दे रहे हैं। इसी दौरान सिक्कों से भरी एक थैली फट गई और सिक्के गली में बिखर गए।


## 27 यात्री घायल, बस 8 फीट पिचकी, एसएसपी बोले- ड्राइवर नहीं, कंडक्टर चला रहा था

# यमुना एक्सप्रेस-वे पर ट्रेलर में घुसी बस, 4 की हुई मौत





*एसएसपी ने कहा- कंडक्टर बस चला रहा था, संभाल नहीं पाया शुरुआती जांच में सामने आया है कि हादसे के समय नियमित ड्राइवर नहीं, बल्कि कंडक्टर बस चला रहा था। बस तेज रफ्तार में थी, जबकि ट्रेलर अपनी लेन में था। कंडक्टर ने बस को अचानक मोड़ दिया। इससे बस पीछे से ट्रेलर में जा घुसी।*



तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा। मथुरा में यमुना एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के साढ़े 3 बजे वॉल्वो बस ने ट्रेलर को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। 27 यात्री घायल हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा ट्रेलर में करीब 8 फीट तक घुस गया। यात्री बस में फंस गए। एक युवक का शव खिड़की से लटक गया। मौके पर

- घायलों को मथुरा जिला अस्पताल भेजा गया। फिलहाल सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।
- डीएम चंद्र प्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना।
- हादसे के बाद पुलिस, एसडीआरएफ और फायर सर्विस की टीमें मौके पर पहुंचीं। रेस्क्यू शुरू किया।

चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। खिड़कियां-गेट तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रेस्क्यू शुरू किया। बस लखनऊ से दिल्ली जा रही थी। 65 यात्री सवार थे। हादसा मथुरा जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर राया थाना इलाके में हुआ। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया हादसे में बस चालक उपदेश यादव, परिचालक (कंडक्टर), क्लीनर और एक यात्री की मौत हो गई।

### इमरजेंसी गेट का शीशा तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला

*फरीदाबाद की रहने वाली प्रीति श्रीवास्तव ने बताया- हम लोग लखनऊ से फरीदाबाद जा रहे थे। साथ में पति और दो बच्चे थे। बस काफी तेज रफ्तार में थी। हादसे से आधे घंटे पहले एक ढाबे पर रुकी थी। कुछ दूर चलने के बाद बस डगमगाने लगी। उस समय कई यात्री सो रहे थे। फिर हादसा हो गया। यात्री अपनी सीटों से गिर गए। पीछे मौजूद इमरजेंसी गेट का शीशा तोड़कर लोगों को बाहर निकाला गया। एंबुलेंस से हमें अस्पताल लाया गया।*

## 2027 चुनाव में भाजपा को रोकना है, किसी से भी गठबंधन कर लेंगे

# राममंदिर ट्रस्ट में मुसलमान रखते, उसे गोली मार देते : असदुद्दीन ओवैसी

तमसा संकेत, एजेंसी

बिजनौर। AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी सोमवार शाम 7 बजे बिजनौर पहुंचे। यहां राम मंदिर चंदा चोरी मामले पर उन्होंने कहा- ट्रस्ट ने गलती की है। ट्रस्ट में मुसलमान को रख देते और फिर उसे गोली मार देते। सारा मामला निपट जाता। लेकिन, अब चंपक हो रहा है। मैं क्या कह सकता हूं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी कई सालों से यूपी में संगठन को मजबूत करने का काम कर रही है। हम 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे हैं। इसके बाद शाम 7:30 बजे ओवैसी ने नजीबाबाद में 'पैगाम ए इत्तेहाद' कार्यक्रम में जनसभा को संबोधित किया। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने जनसभा में सपा, भाजपा और आरएसएस पर जमकर हमला बोला।



### पार्टी गंभीरता के साथ कर रही चुनाव की तैयारी

यूपी में समय से पहले विधानसभा चुनाव कराए जाने की अटकलों पर उन्होंने कहा कि चुनाव कराने का अधिकार चुनाव आयोग के पास है। आयोग चाहे तो समय से पहले भी चुनाव करा सकता है। यह फैसला चुनाव आयोग करेगा, लेकिन राजनीतिक दलों को हर समय चुनाव के लिए तैयार रहना चाहिए। ओवैसी ने कहा- हमें नहीं पता कि चुनाव कब होंगे, लेकिन तैयारी पूरी रखनी जरूरी है। यह कार्यक्रम आगामी विधानसभा चुनाव के चलते आयोजित किया गया है। हमने पहले भी मटेरा की सभा में स्पष्ट किया था कि भाजपा को सत्ता में आने से रोकने के लिए हमारी पार्टी किसी से भी गठबंधन करने को तैयार है।



### राम मंदिर ट्रस्ट चोरी मामले का किया जिक्र

ओवैसी ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक का मुद्दा उठाते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। सरकार जवाब देने में विफल रही है। राम मंदिर ट्रस्ट और चंदे से जुड़े विवाद का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यदि ट्रस्ट में किसी मुसलमान को सदस्य बनाया गया होता तो किसी भी विवाद की स्थिति में उसी के खिलाफ कार्रवाई कर मामला खत्म कर दिया जाता।


# पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा प्रो. ए. पी. सिंह को भावभीनी विदाई एवं स्मृति वृक्षारोपण

तमसा संकेत, संवाददाता

पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा प्रो. ए. पी. सिंह को भावभीनी विदाई एवं स्मृति वृक्षारोपणबरेली, 30 जून 2026। पर्यावरण विज्ञान विभाग, बरेली कॉलेज, बरेली द्वारा विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं पूर्व निदेशक, स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम प्रो. ए. पी. सिंह के सम्मान में विदाई एवं स्मृति वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग की ओर से उनके सम्मान में 20 पौधों का वृक्षारोपण किया गया तथा भावभीनी विदाई दी गई।ज्ञातव्य है कि 30 मई 2026 को स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों की ओर से प्रो. ए. पी. सिंह का विदाई समारोह आयोजित किया जा चुका था। तत्पश्चात 30 जून 2026 को उन्हें सत्र लाभ प्राप्त हुआ, जिसके उपलक्ष्य में पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा यह विशेष समारोह आयोजित कर उनके दीर्घकालीन योगदान के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस अवसर पर



विभागाध्यक्ष प्रो. जसपाल सिंह ने कहा कि प्रो. ए. पी. सिंह का व्यक्तित्व, नेतृत्व और कार्यशैली सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होंने विभाग के शैक्षणिक विकास एवं शोध गतिविधियों को नई दिशा प्रदान की। उनके मार्गदर्शन से अनेक विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने अपने जीवन में सफलता प्राप्त की है। हम उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम में प्रो. अनामिका अग्रवाल, प्रो. गौरव भूषण, प्रो. निष्ठा सेठ एवं डॉ. समीर चंद्रा ने भी प्रो. ए. पी. सिंह के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।समारोह में एम.एससी. पर्यावरण विज्ञान के सभी छात्र-छात्राओं की विशेष एवं





उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। साथ ही विभाग के शोधार्थी अंजली, मुकेश कुमार, हर्षित तिवारी एवं प्रियंका सहित अन्य शोधार्थियों ने भी समारोह में सहभागिता करते हुए प्रो. ए. पी. सिंह के प्रति अपनी श्रद्धा, सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### पेट्रोल में 20%...

BPCL ने कहा कि हाईकोर्ट का आदेश पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिश्रण की राष्ट्रीय नीति को प्रभावित कर सकता है। इस दौरान केंद्र सरकार ने बताया कि पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाने का प्रोग्राम अभी भी एक्सपेरिमेंट है। इसका पूरा असर अगले साल तक पता चलेगा। एथेनॉल सप्लाई का यह विवाद कर्नाटक की विन्प डिस्टिलरीज एंड शुगर प्राइवेट लिमिटेड की याचिका से जुड़ा है। विन्प ने कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका लगाते हुए दलील दी थी कि उसका एथेनॉल बनाने का प्लांट है। इसकी सलाना उत्पादन क्षमता करीब 9.90 करोड़ लीटर है, लेकिन उसे केवल 3.92 करोड़ लीटर का आवंटन किया गया है। सरकार ने कहा था कि किसी कंपनी को पहले ज्यादा आवंटन मिला तो इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि कंपनी को हर बार उतनी ही मात्रा में आवंटन मिलेगा। हाईकोर्ट ने BPCL को खरीद कोटा बढ़ाने पर विचार करने को कहा। इस आदेश के खिलाफ BPCL ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। इसी तरह की कई याचिकाएं देश के अलग-अलग हाईकोर्ट में पेंडिंग हैं। इस मुद्दे पर अक्टूबर से पहले फैसला होना जरूरी है, क्योंकि उसी समय एथेनॉल सप्लाई का नया एग्रीमेंट होना है। कर्नाटक हाईकोर्ट ने BPCL, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) को आदेश दिया था कि वे VINP डिस्टिलरीज एंड शुगर्स की 2025-26 के लिए ज्यादा एथेनॉल आवंटन की मांग पर विचार करें। कोर्ट ने कहा था कि सरकार की नीति के तहत बने ऐसे एथेनॉल प्लांट, जो सिर्फ ऑयल कंपनियों को एथेनॉल बेचते हैं, उन्हें लॉन्ग टर्म ऑफटेक एग्रीमेंट (LTOA) के तहत मिलने वाली प्राथमिकता का लाभ मिलना चाहिए। हाल के दिनों में कुछ लोगों, खासकर ऑटोमोबाइल क्षेत्र से जुड़े लोगों ने आशंका जताई है कि E20 पेट्रोल से पुरानी गाड़ियों को नुकसान पहुंच सकता है और ईंधन दक्षता कम हो सकती है। हालांकि, केंद्र सरकार ने इन आशंकाओं को खारिज किया है। तेल मंत्रालय ने हाल ही में कहा था कि E20 ईंधन से वाहन इंश्योरेंस अमान्य होने या वाहनों को नुकसान पहुंचने के दावों के समर्थन में कोई ठोस वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं। सरकार के मुताबिक, अमेरिका, ब्राजील और जापान जैसे कई देशों में एथेनॉल मिला पेट्रोल पहले से इस्तेमाल हो रहा है। सरकार का कहना है कि इस योजना से भारत ने कच्चे तेल के आयात पर 1.4 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की विदेशी मुद्रा बचाई है। इससे ऊर्जा सुरक्षा बढ़ी है, प्रदूषण कम हुआ है और किसानों को भी फायदा मिला है। भारत पिछले साल ही पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाने का लक्ष्य तय समय से पांच साल पहले हासिल कर चुका है। एक अप्रैल से पूरे देश में E20 पेट्रोल की सप्लाई शुरू हो चुकी है। अब सरकार 2030 तक इसे बढ़ाकर 30% करने का लक्ष्य लेकर चल रही है।

### बंगाल- हल्दिया...

कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि यह घटना हल्दिया रिफाइनरी में नहीं, बल्कि बगल की एक इंडस्ट्रियल यूनिट के गेट के पास हुई थी। कुछ रिपोर्टों में इस घटना को हल्दिया रिफाइनरी से जोड़कर पेश किया गया, जो गलत है। कंपनी के अनुसार, शुरुआती जानकारी से संकेत मिलता है कि यह घटना प्लांट के पास नैफ्था केमिकल की चोरी वाले स्थान के आसपास हुई है। हालांकि, आग लगने के सही कारणों की जांच संबंधित एजेंसियों के साथ मिलकर की जा रही है। पूरा इलाका कवर किया गया है। आग के कारण घटनास्थल के पास रेलवे की ओवरहेड बिजली लाइन के इक्विपमेंट भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे ने बताया कि सिल्पा प्रवेश गेट के पास गैस पाइप फटने के कारण मंगलवार सुबह 5:20 बजे से हल्दिया और दुर्गाचक के बीच रेल सर्विस रोकी गई है।

### राम मंदिर चोरी...

कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा, तनुज पूनिया और उज्जवल रमण सिंह को हाउस अरेस्ट किया गया है। अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस डेलिगेशन चढ़ावा चोरी का विरोध करने पहुंचा था। उन्होंने आज यानी मंगलवार को ट्रस्ट कार्यालय के घेराव का ऐलान किया था। इस बीच, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोपहर 12.30 बजे राम जन्मभूमि मंदिर कूच किया। पुलिस ने मंदिर से एक किलोमीटर पहले टेढ़ी बाजार में उन्हें रोक दिया। इससे कार्यकर्ता भड़क गए। धक्का-मुक्की करने लगे। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें हिरासत में लिया। घसीट-घसीटकर गाड़ी में भरा। इससे पहले, अजय राय की पत्नी रीना राय ने वाराणसी से एक वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा- मेरे पति की आवाज दबाने के लिए भाजपा सरकार किसी भी हद तक गिर सकती है। पुलिस जीप में ले जाने के बाद हमारे सहयोगियों को गलत जानकारियां देकर भटकाया जा रहा है। 'चढ़ावा चोरों' के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। अगर मेरे पति को कुछ भी होता है, तो जिम्मेदारी अधर्मी भाजपा सरकार की होगी। राम मंदिर में 17 साल से तैनात रेडियो ऑपरेशन अधिकारी (RMO) अर्जुन देव का ट्रांसफर हो गया। उन्हें गोरखपुर भेजा गया है। SIT ने उनकी भूमिका को जांच के दायरे में लिया है। चढ़ावे की गिनती वाले काउंटिंग रूम के CCTV और राम मंदिर के 1600 कैमरों की निगरानी की जिम्मेदारी उनके पास थी। सूत्रों के मुताबिक, SIT रिपोर्ट में अर्जुन की 17 साल से अयोध्या में तैनाती और ट्रस्ट के कामों में दखल का जिक्र है। रामलला जब टेंट में थे, तब भी अर्जुन CCTV का काम देखते थे। वह 2009 से अयोध्या में तैनात हैं। इस दौरान कई बार ट्रांसफर के आदेश जारी हुए, लेकिन हर बार ट्रांसफर रुक गया। हाल ही में लखनऊ ट्रांसफर का आदेश भी निरस्त कर दिया गया था। चंपत राय से रविवार को पुलिस ने करीब 3 घंटे पूछताछ की। पूछा कि उन्हें चढ़ावा चोरी का पता पहली बार कब और कैसे लगा। उसके बाद क्या-क्या किया। इससे पहले, कोर्ट ने सोमवार को चढ़ावा चोरी में गिरफ्तार 8 आरोपियों की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ा दी। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने SIT से फाइनल रिपोर्ट जल्द से जल्द सौंपने को कहा है। चोरी का मामला पहली बार 7 जून को सामने आया था। यूपी सरकार ने 13 जून को SIT बनाई। 25 जून को FIR हुई। रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू समेत 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसी दिन मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया। अयोध्या महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना और विरोध करना अपराध नहीं है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस लाइन में बैठाकर रखा गया, जहां कई लोग घंटों भूखे रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ₹दोषियों को गिरफ्तार करो₹ के नारे लगाए। उन्होंने चढ़ावा प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।

### 'राम भक्तों पर गोली...

सीएम योगी ने कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल के अयोध्या जाने पर करारा तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 2017 के पहले भगवान राम के अस्तित्व को ही नकारती थी। भगवान श्री कृष्ण के अस्तित्व को नकारती थी। आज कह रही है, राम तो सबके हैं। सीएम योगी ने तंज भरे अंदाज में कहा कि अब सब लोग अयोध्या जाने के लिए मचल रहे हैं, लेकिन प्रभु राम तो जग को जानने वाले हैं। वे इस ब्रह्मांड के स्वामी है। वे भी जानते हैं कि सही कौन है? सच्चा कौन है? भगवान राम की भक्ति तो हनुमान जी के अंदर इतनी ताकत पैदा कर देती है कि वे लक्ष्मण जी को बचाने के लिए संजीवनी बूटी लाने के लिए निकल पड़ते हैं। श्री हनुमान जी के साथ कोई कालनेमि धोखा देकर इससे वंचित करने का कुत्सित प्रयास करता है। भगवान राम की भक्ति के प्रभाव का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि राम की भक्ति ऐसे कालनेमियों से पूरी तरह निपटने में भी सहायक हो जाती है। इसलिए चिंता की बात नहीं है। उनकी चिंता तो है कि अयोध्या की सुंदर कैसे हो गई? काशी विश्वनाथ धाम इतना सुंदर कैसे हो गया?

### पैराग्वे और मोरक्को पेनल्टी शूटआउट में जीते ■ मार्टिनेली के गोल से ब्राजील अंतिम-16 में पहुंचा

# जर्मनी फुटबॉल वर्ल्डकप से बाहर

**उलटफेर**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फुटबॉल वर्ल्ड कप में मंगलवार को बड़ा उलटफेर हुआ। पैराग्वे ने चार बार की वर्ल्ड चैंपियन जर्मनी को पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से हराकर बाहर कर दिया। जर्मनी टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार पेनल्टी में हारी है।

इससे पहले 5 बार की चैंपियन ब्राजील ने रोमांचक मुकाबले में जापान को 2-1 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। यह जीत 1958 में स्वीडन में जीते उसके पहले वर्ल्ड कप की सालगिरह के दिन आई। टीम 20वीं बार राउंड ऑफ-16 में पहुंची है।

एक अन्य मुकाबले में मोरक्को ने नीदरलैंड को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराया। ब्राजील अब राउंड ऑफ-16 में आइवरी कोस्ट या नॉर्वे से भिड़ेगा, जबकि पैराग्वे का मुकाबला फ्रांस और स्वीडन के विजेता से होगा। मोरक्को का मैच 4 जुलाई को कनाडा से होगा।

जापान ने 29वें मिनट में बढ़त बनाई। काइशू सानो ने मिडफील्ड में ब्राजील की गलत पासिंग का फायदा उठाकर दूर से दाएं पैर से शानदार गोल किया। ब्राजील ने 56वें मिनट में बराबरी की। गैब्रियल मागाल्हाइस के असिस्ट पर कैसेमीरो ने हेडर से गोल किया। इससे 2 मिनट पहले उनका हेडर जापान के गोलकीपर जियोन सुजुकी ने रोक लिया था।

58वें मिनट में विनीसियस जूनियर के पास बढ़त दिलाने का मौका था, लेकिन सुजुकी ने उनका शॉट डिफ्लेक्ट कर दिया और गेंद पोस्ट से टकराकर बाहर चली गई।



### मोरक्को के गोलकीपर ने 2 सेव किए ब्राजील के मार्टिनेली ने आखिरी मिनट में गोल


फॉक्सबोरो में फीफा रैंकिंग में 34वें नंबर की टीम पैराग्वे ने राउंड ऑफ 32 में 12वें नंबर की जर्मनी को कड़ी टक्कर दी। निर्धारित समय और इंजरी टाइम के बाद स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा। पेनल्टी शूटआउट में जोस कैनाले ने पहला सडन डेथ पेनल्टी गोल किया, जबकि गोलकीपर ऑरलैंडो गिल ने दो अहम बचाव कर टीम को जीत दिलाई।

इधर, ह्यूस्टन में ब्राजील की जीत आखिरी क्षणों में आई। दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट के तौर पर उतरे गैब्रियल मार्टिनेली ने इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल कर मुकाबला खत्म होने से ठीक पहले टीम को जीत दिला दी। ब्राजील 20वीं बार राउंड ऑफ 16 में पहुंची है।

### गोलकीपर गिल बोले- हर प्लेयर का विश्लेषण किया

मैच के बाद ऑरलैंडो गिल ने कहा, 'हमने हर खिलाड़ी और हर छोटी बात का विश्लेषण किया था। उसी की बदौलत मैं सिर्फ दो पेनल्टी मिस होने दे पाया। यह जीत पैराग्वे के सभी लोगों के लिए है।' जोस कैनाले ने कहा, 'हमने साबित कर दिया कि हमारी टीम कितनी एकजुट है। आज हमें अपना असली खेल दिखाना था।'

काई हैवर्ट्ज ने हार के बाद कहा, 'इस वर्ल्ड कप से हमारी बहुत बड़ी उम्मीदें थीं। फिर से निराश होना बहुत मुश्किल है। हम मौके बनाने और खेल की रफ्तार बनाए रखने में संघर्ष करते रहे।'



■ पैराग्वे के गोलकीपर ऑरलैंडो गिल ने दो अहम बचाव कर टीम को जीत दिलाई।



■ गोलकीपर ऑरलैंडो गिल सुपीरियर प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

### इंजरी टाइम में जोनाथन ताह का गोल अमान्य हुआ

पैराग्वे ने 42वें मिनट में बढ़त बनाई। मिगेल अल्मिरोन के पास पर मातियास गालार्सा ने क्रॉस किया, जिस पर जूलियो एनसिसो ने हेडर से गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। जर्मनी ने 52वें मिनट में वापसी की। फ्लोरियन विट्र्ज के क्रॉस पर काई हैवर्ट्ज ने हेडर से बराबरी का गोल किया। अतिरिक्त समय के 102वें मिनट में जोनाथन ताह ने कॉर्नर पर गोल किया, लेकिन वीडियो रिव्यू में वाल्डेमार एंटोन द्वारा गोलकीपर ऑरलैंडो गिल को धक्का देने की पुष्टि होने पर गोल रद्द कर दिया गया। जर्मनी ने पहले हाफ में 78% गेंद पर कब्जा रखा, लेकिन पैराग्वे की 4-5-1 रक्षात्मक रणनीति नहीं तोड़ सका। ग्रुप स्टेज में 10 गोल करने के बावजूद जर्मन टीम नॉकआउट में संघर्ष करती दिखी। जर्मनी के दिग्गज गोलकीपर मैनुअल नेयुर ने हार के बाद संन्यास ले लिया। वे 2014 की वर्ल्ड चैंपियन जर्मन टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने 124 मैच खेले हैं। उन्होंने 2017 फीफा कन्फेडरेशंस कप भी अपने नाम किया था।

# न्यूजीलैंड ने 27 साल बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीती

### 160 रन से हराया, स्टोक्स के आखिरी मैच में इंग्लैंड 212 रन पर सिमटा

**नॉटिंघम, एजेंसी**

बेन स्टोक्स अपने आखिरी इंटरनेशनल मैच को जीत के साथ यादगार बनाना चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। ट्रेंट ब्रिज में खेले गए तीसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 160 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली। 373 रन का पीछा कर रही इंग्लैंड की दूसरी पारी 212 रन पर सिमट गई। इसी के साथ कीवी टीम ने 27 साल बाद इंग्लैंड में कोई सीरीज जीती। टीम ने इससे पहले 1999 यह कारनामा किया था। यह न्यूजीलैंड की इंग्लैंड में 20 टेस्ट सीरीज में सिर्फ चौथी जीत है। खास बात यह रही कि टीम ने पहला टेस्ट हारने के बाद लगातार दो मुकाबले जीतकर सीरीज अपने नाम की। ऐसा उसने इंग्लैंड में दूसरी बार किया है। दूसरी ओर इंग्लैंड को 2012 के बाद पहली बार घर में तीन या उससे ज्यादा टेस्ट की सीरीज गंवानी पड़ी।



मैच का सबसे बड़ा पल बेन स्टोक्स का संन्यास था। 35 साल के ऑलराउंडर ने चौथे दिन संन्यास की घोषणा की थी। टारगेट का पीछा करते हुए स्टोक्स ने पनिंग की और सिर्फ 20 गेंदों में 30 रन बनाकर तेज शुरुआत दी, लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल सके।

इंग्लैंड ने अंतिम दिन 103/4 से खेलना शुरू किया, लेकिन सुबह के पहले घंटे में ही मैच हाथ से निकल गया। पहले नाथन स्मिथ ने एमिलियो गे (10) को आउट किया। इसके बाद हेनरी निकोल्स के शानदार डायरेक्ट हिट पर जो रूट (18) रन आउट हो गए।

इसके बाद न्यूजीलैंड ने लगातार दबाव बनाए रखा। मिचेल सैंटनर ने गस एटकिंसन को LBW किया, जबकि दूसरे डयरेक्ट हिट पर जोश टंग रन आउट हुए। आखिर में सैंटनर ने जेमी स्मिथ (60) को आउट कर इंग्लैंड की पारी 212 रन पर समेट दी।

टॉप ऑर्डर के फ्लॉप होने के बाद विकेटकीपर जेमी स्मिथ ने 60 रन की पारी खेली।

### हरमनप्रीत को कप्तान, मंधाना को उपकप्तान बनाया, यास्तिका की जगह कमलिनी को मौका

# एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम घोषित

**मुंबई, एजेंसी**

अगले महीने जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। सिलेक्टर्स ने हरमनप्रीत कौर को कप्तान और स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया है।

BCCI की सीनियर चयन समिति ने विकेटकीपर यास्तिका भाटिया की जगह जी. कमलिनी को मौका दिया है। शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा जैसे सीनियर्स पर भरोसा जताया है।

एशियन गेम्स में क्रिकेट इवेंट टी20 (T20) फॉर्मेट में आयोजित किया जाएगा। ICC रैंकिंग में टॉप टीमों में शामिल होने के कारण भारतीय महिला टीम को सीधे क्वार्टर फाइनल या नॉकआउट स्टेज में एंट्री मिलने की उम्मीद है।



पिछली बार की तरह इस बार भी भारतीय टीम का मुख्य मुकाबला पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश जैसी एशियाई टीमों से होने की उम्मीद है। मुख्य कोच और मैनेजमेंट खिलाड़ियों के वर्कलोड और फिटनेस पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।



### श्रेयंका पाटिल फिट, प्रेमा को मौका नहीं

स्पिन ऑलराउंडर श्रेयंका पाटिल को फिटनेस क्लीयरेंस मिलने के बाद टीम में जगह दी गई है। वे टी-20 वर्ल्ड कप में नीदरलैंड के खिलाफ टखने में चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गई थीं। उनकी जगह वर्ल्ड कप टीम में शामिल प्रेमा रावत को इस बार मौका नहीं मिला। पेस अटैक की जिम्मेदारी रेणुका सिंह और अरुंधति रेड्डी संभालेंगी, जबकि स्पिन विभाग में राधा यादव और श्रेयांका पाटिल मुख्य चेहरा होंगी।

### यास्तिका भाटिया को ड्रॉप किया, कमलिनी को चांस

खराब फॉर्म से जूझ रही विकेटकीपर यास्तिका भाटिया को टीम से ड्रॉप कर दिया गया है। उनकी जगह WPL में मुंबई इंडियंस से खेलने वाली 17 साल युवा विकेटकीपर जी. कमलिनी को मौका दिया गया है। यास्तिका वर्ल्ड कप के दौरान मिले मौकों का वे फायदा नहीं उठा सकीं। उन्होंने 4 मैचों की 3 पारियों में 13.66 की औसत और 117.14 के स्ट्राइक रेट से केवल 41 रन बनाए।

## मनोरंजन



### लिव इन रिलेशनशिप पर बोलीं जीनत अमान, प्यार के मामले में बदकिस्मत रहीं एक्ट्रेस

# 74 साल की ज़ीनत अमान ने लिव-इन में रहने की दी सलाह

नई दिल्ली। बॉलीवुड की दिग्गज एक्ट्रेस जीनत अमान अपने विचारों को लेकर हमेशा बोल्ड और खुले तौर पर बात करने वाली रही हैं। अब हाल ही में उन्होंने लिव इन रिलेशनशिप को लेकर अपना सपोर्ट भी दिखाया और बताया कि आखिर वो क्यों जरूरी है। जीनत अमान ने लिव-इन रिलेशनशिप के लिए अपना समर्थन फिर से दोहराया है। उन्होंने कहा कि ये आज के समय में पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हैं और शादी से पहले एक-दूसरे के साथ तालमेल (कम्पैटिबिलिटी) को समझने के लिए अहम हैं। उनकी यह बात तब आई है जब शादी से पहले कपल्स को साथ रहने की सलाह देने वाली उनकी पिछली इंस्टाग्राम पोस्ट की सीनियर एक्टर सायरा बानो ने आलोचना की थी। लिव-इन रिलेशनशिप पर अपनी पिछली इंस्टाग्राम पोस्ट में, जीनत ने विस्तार से बताया कि वह शादी से पहले साथ रहने का समर्थन क्यों करती हैं। उन्होंने लिखा, 'मेरी पिछली पोस्ट के कमेंट सेक्शन में आपमें से किसी ने मुझसे रिश्ते के बारे में सलाह मांगी थी। यहां एक निजी राय है जो मैंने पहले कभी साझा नहीं की अगर आप किसी रिश्ते में हैं, तो मेरी यही सलाह है कि शादी करने से पहले साथ रहें'।

जीनत अमान की लव लाइफ फिल्मों की तरह ही ड्रामैटिक रही है जिसमें जबरदस्त रोमांस, दिल टूटने के अनुभव और मुश्किलों से उबरने की हिम्मत शामिल है। देव आनंद (Dev Anand) ने 'हरे रामा हरे कृष्णा' (1971) में जीनत अमान को कास्ट करके उन्हें सुपरस्टार बना दिया। अपनी ऑटोबायोग्राफी में देव आनंद ने माना कि उन्हें जीनत से बेइंतहा प्यार हो गया था और उन्होंने उन्हें प्रपोज करने के लिए ताज होटल में एक रोमांटिक डिनर प्लान किया था।




### लिव इन रिलेशनशिप पर जीनत की राय

एक इंटरव्यू में जीनत ने कहा, 'आज के दौर में और पहले भी कोई भी चीज हमेशा के लिए नहीं रहती। कानूनी तौर पर कोई वादा करने से पहले आपको यह पक्का कर लेना चाहिए कि आप दोनों के बीच तालमेल कैसा है। यह मेरी राय है। आपको यह जानना जरूरी है कि क्या आप मानसिक और भावनात्मक रूप से एक-दूसरे के साथ तालमेल बिठा पाते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'अगर आप बच्चे पैदा करने की सोच रहे हैं, तो आप उनकी परवरिश कैसे करेंगे? पैसों के मामले में आपकी क्या सोच है? अगर तालमेल ही नहीं है, तो इसका क्या फायदा? क्या आप पंद्रह साल दुखी रहने के बजाय पांच साल खुशी से बिताना पसंद नहीं करेंगे? मैं तो यही मानती हूं'।

# पूर्व शेफ ने काइली जेनर पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**



मॉडल, बिजनेस वुमन काइली जेनर का मुश्किल वक्त चल रहा है। पहले उनके दो स्टाफ मेंबर्स ने काम के दौरान गलत बर्ताव को लेकर काइली पर मुकदमा दर्ज करवाया था। अब पूर्व शेफ ने भी आरोप लगाया है कि काइली के एक इवेंट के दौरान उससे मुश्किल स्थितियों में काम करवाया गया, जिससे गर्भपात हो गया। इस पूर्व शेफ ने भी अब काइली पर मुकदमा दर्ज करवाया है। पीपल्स मैगजीन के मुताबिक लॉस एंजिल्स की एक कोर्ट में 22 जून को दायर दस्तावेजों के हिसाब से काइली जेनर पर पूर्व शेफ ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उसके अनुसार काइली के सुपरवाइजर्स को अपनी हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी के बारे में बताने के बावजूद उससे लंबे समय तक और शारीरिक रूप से मुश्किल काम करवाए गए। शिकायत करने वाली महिला और पूर्व शेफ ने दावा किया कि उसने नवंबर 2024 में काइली जेनर के लिए काम करना शुरू किया। हालांकि पूर्व शेफ ने आरोप लगाया कि दिसंबर में उससे भारी सामान ढलान से ऊपर लेकर जाने का कहा गया, जिससे उसे मेडिकल इमरजेंसी का सामना करना पड़ा। मुकदमे में यह भी आरोप लगाया गया है कि 1 फरवरी 2025 को काइली जेनर के एक बच्चे की बर्थडे पार्टी में काम करने के दौरान शेफ को किसी तरह की मदद नहीं दी गई।

## परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने उज्जैन महाकाल में किए दर्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी**

अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और उनके पति, राजनेता राघव चड्ढा ने मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर के दर्शन किए। दोनों ने यहां भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की और उनका आशीर्वाद लिया।

परिणीति ने इस आध्यात्मिक यात्रा का एक खूबसूरत वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस वीडियो में परिणीति पीच रंग की पारंपरिक साड़ी में सिर ढके हुए नजर आ रही हैं। वहीं राघव चड्ढा पारंपरिक पोशाक के साथ केसरिया शॉल ओढ़े हुए हैं। दोनों मंदिर के पुजारियों के साथ पूरे भक्ति भाव से बैठकर प्रार्थना करते दिखाई दे रहे हैं।

परिणीति ने लिखा, 'मैंने अपनी प्रेग्नेंसी के दौरान एक सुबह इस शिव स्तुति को रिकॉर्ड किया था। मुझे अंदाजा नहीं था कि इसे इतना प्यार मिलेगा। मुझे बेहद खुशी है कि यह स्तुति अब आप लोगों की सुबह की प्लेलिस्ट का हिस्सा बन चुकी है, ठीक वैसे ही जैसे कई साल से यह हमारे परिवार की प्लेलिस्ट में शामिल थी।'

### सात समंदर पार 'प्रलय' की शूटिंग करेंगे रणवीर सिंह, 'जॉम्बी यूनिवर्स' बनाएंगे 'धुरंधर'?

# तीन सौ करोड़ बजट और धांसू वीएफएक्स

नई दिल्ली। 'धुरंधर' फ्रैंचाइजी की सफलता को एंजॉय कर रहे एक्टर रणवीर सिंह अब अपनी अपकमिंग फिल्म प्रलय (Pralay) को लेकर काफी चर्चा बटोर रहे हैं। इस बीच फिल्म से जुड़ा एक नया अपडेट सामने आया है। रणवीर सिंह (Ranveer Singh) इस साल के आखिर में अपने अगले बड़े प्रोजेक्ट 'प्रलय' की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। बॉलीवुड में जॉम्बी एपोकैलिप्स जॉनर की नई एंट्री मानी जा रही इस फिल्म की चर्चा पिछले साल से ही हो रही है। अब, ताजा खबरों के मुताबिक, एक्टर सितंबर में ऑस्ट्रेलिया में शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं और उन्होंने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है। फिल्म में दुनिया को तबाह करने वाले और इंसानियत को खत्म करने वाले जॉम्बी एपोकैलिप्स की थीम दिखाई जाएगी। कहानी एक ऐसे कपल पर केंद्रित होगी जो एपोकैलिप्स से बचने के लिए बड़ी से बड़ी लड़ाईयों के लिए तैयार रहता है। रणवीर सिंह का फिलहाल अपनी ब्लॉकस्टर फ्रैंचाइजी 'धुरंधर' और धुरंधर 2 (Dhurandhar 2) की सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस बीच, रणवीर सिंह अपकमिंग प्रोजेक्ट 'डॉन 3' से विवादित के बाद से सुर्खियों में हैं। वहीं अब दर्शक बेसब्री से उनकी 'प्रलय' का इंतजार कर रहे हैं।



> पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, रणवीर सिंह सितंबर में जय मेहता के डायरेक्शन में बनने वाली फिल्म 'प्रलय' की शूटिंग शुरू करने के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने को तैयार हैं। यह भी बताया गया है कि ऑस्ट्रेलिया में फिल्म का प्री-प्रोडक्शन काम शुरू हो चुका है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'रणवीर 2026 के सेकंड हाफ में जय मेहता की डायरेक्टेड फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। शूटिंग ऑस्ट्रेलिया में होनी है और उन्होंने तैयारी शुरू भी कर दी है।

### 300 करोड़ में है 'प्रलय' का बजट

इस फिल्म का बजट लगभग 300 करोड़ रुपये होगा, जो इसे सिंह की अब तक की सबसे महंगी फिल्मों में से एक बनाता है। रिपोर्ट के एक और बयान में यह भी कहा गया है कि फिल्म VFX और स्पेशल इफेक्ट्स पर बहुत ज्यादा निर्भर करेगी और प्रोडक्शन टीम सभी डिटेल्स पर ध्यान दे रही है। बयान में लिखा था, 'प्रलय VFX पर बहुत ज्यादा निर्भर करेगी। जय और उनकी टीम स्क्रीनप्ले, विजुअल डिटेलिंग और बड़े जॉम्बी यूनिवर्स पर एक्टिव रूप से काम कर रही है। रणवीर भी रोजाना क्रिएटिव चर्चाओं में शामिल रहे हैं'।



## पाकिस्तान बोला- सिंधु जल संधि अब भी लागू, भारत इसे एकतरफा खत्म नहीं कर सकता

# 'हमारा पानी रोका तो हाथ काट देंगे'

**धमकी**

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि पर एक बार फिर भारत को धमकी दी है। पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री मुसादिक मलिक ने कहा कि अगर किसी ने पाकिस्तान के हिस्से का पानी रोकने की कोशिश की तो हम उन हाथों को काट देंगे। उन्होंने दावा किया कि भारत पाकिस्तान के हिस्से के पानी को रोकना चाहता है।

वहीं अताउल्लाह तरार ने कहा कि सिंधु जल संधि कानूनी रूप से अब भी लागू है। भारत इसे न तो एकतरफा स्थगित कर सकता है, न रद्द कर सकता है और न ही इसमें बदलाव कर सकता है।

सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47% जमीन पाकिस्तान, 39% जमीन भारत, 8% जमीन चीन और 6% जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 1947 में भारत और पाकिस्तान के इंजीनियरों के बीच 'स्टैंडस्टिल समझौता' हुआ। इसके तहत दो मुख्य नहरों से पाकिस्तान को पानी मिलता रहा। ये समझौता 31 मार्च 1948 तक चला। 1 अप्रैल 1948 को जब समझौता लागू नहीं रहा तो भारत ने दोनों नहरों का पानी रोक दिया। इससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की 17 लाख एकड़ जमीन पर खेती बर्बाद हो गई।



पाकिस्तान के जलवायु परिवर्तन मंत्री मुसादिक मलिक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हाथ काटने की धमकी दी।

### 21 जून को पाक रक्षा मंत्री बोले थे- भारत के खिलाफ जंग छेड़ सकते हैं

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने 21 जून को सिंधु जल संधि स्थगित रहने को लेकर भारत को धमकी दी थी। पाकिस्तानी चैनल ARY न्यूज से बातचीत में आसिफ ने कहा कि अगर पाकिस्तान को लगा कि उसकी जल सुरक्षा खतरे में है, तो वह भारत के खिलाफ जंग छेड़ सकता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भारत पाकिस्तान के हिस्से के पानी के प्रवाह में दखल दे रहा है और रणनीतिक हथियार के तौर पर इसका इस्तेमाल कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पिछले एक साल में इस मामले में क्या नए घटनाक्रम हुए हैं, इसकी उन्हें पूरी जानकारी नहीं है।

अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। भारत का कहना है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करता, तब तक संधि बहाल नहीं की जाएगी।

### सिंधु जल संधि पर सेमिनार करेगा पाकिस्तान

पाकिस्तानी मंत्रियों ने बताया कि मंगलवार को इस्लामाबाद में सिंधु जल संधि पर पहला अंतर-राष्ट्रीय सेमिनार किया जाएगा। इसमें कानूनी एक्सपर्ट, जल एक्सपर्ट्स और विदेशी प्रतिनिधि शामिल होंगे। सेमिनार में संधि के कानूनी और तकनीकी पहलुओं पर चर्चा होगी।

डॉन के मुताबिक, तरार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत पाकिस्तान के अधिकार सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर पहले भी साफ कर चुके हैं कि पानी हमारी जीवनरेखा है और यह हमारी रेड लाइन भी है।

> मुसादिक मलिक ने सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार के साथ जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, पड़ोसी देश के प्रधानमंत्री के हाथ में एक नल है। वे कहते हैं कि पाकिस्तान में पानी की एक बूंद भी नहीं जाने देंगे। जो हमारे हिस्से के पानी पर दावा करेंगे, उनके हाथ काट दिए जाएंगे।



### सिंधु जल समझौता स्थगित करने का पाकिस्तान पर असर

पाकिस्तान में खेती की 90% जमीन यानी 4.7 करोड़ एकड़ एरिया में सिंचाई के लिए पानी सिंधु नदी प्रणाली से मिलता है। पाकिस्तान की नेशनल इनकम में एग्रीकल्चर सेक्टर की हिस्सेदारी 23% है और इससे 68% ग्रामीण पाकिस्तानियों की जीविका चलती है। ऐसे में पाकिस्तान में आम लोगों के साथ-साथ वहां की बेहाल अर्थव्यवस्था और बदतर होने लगी है।

**फास्ट न्यूज**

### तेजी से परमाणु हथियार बढ़ा रहा चीन

नई दिल्ली। चीन हमेशा से ही अपने परमाणु हथियार भंडार को लेकर सार्वजानिक नहीं हुआ है। ऐसा माना जाता रहा है कि चीन की परमाणु नीति उसकी आत्मरक्षा के इर्द-गिर्द घुमती है। चीन लगातार 'नो फर्स्ट यूज' पॉलिसी यानी कि पहले इस्तेमाल न करने की नीति पर अडिग रहा है।

विशेषज्ञों का कहना है कि चीन इन समय तेजी से अपनी परमाणु क्षमता को बढ़ा रहा है।

### पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर लिमिट 1 जुलाई से हटेगी

नई दिल्ली। सरकार ने पेट्रोल-डीजल की खरीद पर लगाई गईं सभी इमरजेंसी पाबंदियों को 1 जुलाई से हटाने का फैसला किया है। नए आदेश के बाद अब पेट्रोल पंपों पर एक गाड़ी में एक दिन में सिर्फ 200 लीटर डीजल भरने की सीमा खत्म हो जाएगी, यानी अब आप अपनी गाड़ी में जितना चाहें उतना डीजल भरवा सकेंगे। इसके साथ ही फैक्ट्रियों और कमर्शियल खरीदारों पर लगी रोक भी हटा दी गई है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने 11 जून को पेट्रोल-डीजल की किल्लत की वजह से ये पाबंदियां लगाई थीं, जिन्हें सप्लाई सुधरने के बाद 29 जून के नए आदेश के जरिए वापस ले लिया गया है।

### वियतनाम में भारतीय परिवार की शर्मनाक करतूत

हनोई। वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी में एक भारतीय परिवार पर वियतनामी रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने और कर्मचारियों के साथ बदसलूकी करने का गंभीर आरोप लगा है। रेस्टोरेंट की मालकिन ऐश्वर्या खन्ना सिंह ने आरोप लगाया कि परिवार ने अपनी गलती मानने के बजाय खुद को 'इन्फ्लुएंसर' बताते हुए न सिर्फ संपत्ति को नुकसान पहुंचाया।

# अब यूजरनेम से भी होगी वॉट्सएप पर चैट 29 जून से बुकिंग शुरू


## बिना मोबाइल नंबर बताए बातचीत भी कर सकेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

अब तक वॉट्सएप पर किसी नए व्यक्ति से बात करने के लिए मोबाइल नंबर देना जरूरी होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। मेटा के स्वामित्व वाले वॉट्सएप ने यूजरनेम फीचर लॉन्च करने का ऐलान किया है। इसके बाद लोग अपना मोबाइल नंबर बताए बिना भी सिर्फ यूजरनेम के जरिए चैट कर सकेंगे।


कंपनी ने 29 जून से दुनियाभर में यूजरनेम की बुकिंग शुरू कर दी है। हालांकि यह सुविधा सभी यूजर्स को एक साथ नहीं मिलेगी। आने वाले कुछ महीनों में इसे धीरे-धीरे सभी देशों में रोल आउट किया जाएगा। जब यह फीचर यूजर के इलाके में उपलब्ध होगा, तब उसके वॉट्सएप के अंदर नोटिफिकेशन मिलेगा।

दुनियाभर में करोड़ों यूजर्स एक जैसे या मिलते-जुलते यूजरनेम चुन सकते हैं। ऐसे में जो लोग पहले अपना यूजरनेम रिजर्व करेंगे, उन्हें अपनी पसंद का यूजरनेम मिलने की संभावना ज्यादा होगी। WhatsApp के हेड कुणाल शाह ने X पर लिखा सही समय ही सब कुछ है। दुनिया भर में यह फीचर जारी होने से पहले ही WhatsApp से जुड़ें और अपना यूजरनेम सुरक्षित कर लें। अब अपनी पसंद का यूजरनेम लेने का समय है। लोगों से जुड़ने का एक अधिक निजी (प्राइवेट) तरीका जल्द ही आपके WhatsApp पर आने वाला है। वॉट्सएप यूजरनेम फीचर क्यों लायाः वॉट्सएप का कहना है कि कई बार लोग किसी नए व्यक्ति से बातचीत करना चाहते हैं, लेकिन अपना मोबाइल नंबर शेयर नहीं करना चाहते। जैसे किसी नेटवर्किंग इवेंट में मिले व्यक्ति, नए क्लासमेट, पड़ोसी या बच्चों के स्कूल/स्पोर्ट्स ग्रुप के दूसरे पैरेंट्स से बात करते समय प्राइवेसी बनाए रखना जरूरी होता है। ऐसे में अब मोबाइल नंबर की जगह सिर्फ यूजरनेम शेयर किया जा सकेगा। क्या मोबाइल नंबर पूरी तरह नहीं दिखेगाः हां, लेकिन केवल उन लोगों के लिए जो पहली बार आपसे संपर्क करेंगे।




# पंजाबी युवक ने अमेरिकन दंपति को पीटा

## पहले धक्का-मुक्की, फिर बीच रोड पर लात-घूंसे और थप्पड़ चले



जालंधर, एजेंसी

पंजाब के युवक और अमेरिकन दंपति के बीच हुए झगड़े का वीडियो सामने आया है। अमेरिका की न्यूयॉर्क सिटी में नस्लीय टिप्पणी को लेकर लात-घूंसे और थप्पड़ चले। वीडियो में पहले महिला-पुरुष एक युवक से बहस करते दिखते हैं।

इस बीच एक पंजाबी युवक बीच में आता है और कुछ देर तक महिला-पुरुष को समझाता है। नहीं समझने पर पहले पंजाबी में ही गाली देता और फिर रोड के बीच झगड़ा शुरू हो जाता है। इस बीच पंजाबी युवक का दूसरा साथी भी बाहर निकल आता है और महिला और पुरुष के बीच धक्का-मुक्की शुरू हो जाती है। कार से निकला पंजाबी युवक अचानक एग्रेसिव हो जाता है और अमेरिकन व्यक्ति को एक के बाद एक कई थप्पड़ जड़ देता है। बीच बचाव के लिए जब स्थानीय व्यक्ति की पत्नी आती है, तो उसे भी धक्के मारे जाते हैं और भाग जाने के लिए कहा जाता है। इस बीच स्थानीय व्यक्ति पंजाबी युवक को कहा कि वह उसकी पत्नी के साथ इस तरह का व्यवहार नहीं कर सकते हैं, इसके बाद फिर से पंजाबी युवक उसे थप्पड़ जड़ देता है। घटना रविवार देर शाम की है। जिसका वीडियो इंस्टाग्राम पर @KDADY अकाउंट से अपलोड किया गया है। घटना को न्यूयार्क सिटी के आरेंज जिम के बाहर का बताया है। लेकिन उसने घटना के पीछे का पूरा कारण नहीं बताया। न्यूयार्क पुलिस के पास ये मामला नहीं गया है। इसके चलते दोनों ही पक्षों के नाम सामने नहीं आए है और न ही ये पता चल पाया है कि दोनों कहां के रहने वाले हैं।



अमेरिका के न्यूयार्क में रोड पर पंजाबी और स्थानीय निवासी लड़ते हुए।

### घटना पर लोगों ने दी अलग-अलग प्रतिक्रिया

न्यूयार्क सिटी में बीच रोड चले थप्पड़ों पर बहुत से इंस्टा यूजर्स ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। किसी ने पंजाबी को बहादुर बताया तो कुछ लोगों ने लिखा कि अमेरिकन व्यक्ति से ज्यादा तो उसकी पत्नी फाइटर निकलनी, जिसने कम से कम युवकों को रोकने का प्रसाय तो किया। एक यूजर ने लिखा कि कम से कम वीडियो शूट करने वाले को शर्म करनी चाहिए थी और इन लोगों के झगड़े को रोकना चाहिए था।

## ट्रम्प की टैरिफ पॉलिसी और एकतरफा फैसलों ने भरोसे को नुकसान पहुंचाया

# भारत-अमेरिका रिश्ते 30 साल में सबसे खराब : यूएस सांसद

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

भारतीय मूल के अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसद रो खन्ना ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों की वजह से भारत और अमेरिका के रिश्ते पिछले 30 साल में सबसे खराब दौर में पहुंच गए हैं।

वॉशिंगटन में आयोजित यूएस-इंडिया स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप फोरम (USISPF) लीडरशिप समिट 2026 में उन्होंने कहा कि ट्रम्प की टैरिफ नीति, ईरान के साथ युद्ध और सहयोगी देशों से बिना सलाह लिए फैसले करने से अमेरिका की साख को नुकसान पहुंचा है। रो ने कहा मैं बातों को घुमाकर नहीं कहता। भारत-अमेरिका के रिश्ते पिछले 30 साल में सबसे निचले स्तर पर हैं। ईरान युद्ध का असर भारत में गैस की कीमतों पर भी पड़ा। अगर भरोसा नहीं है तो विदेश मंत्री एस. जयशंकर से पूछ लीजिए। गोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प की दोस्ती का एक किस्सा भी सुनाया। उन्होंने बताया कि कुछ महीने पहले ट्रम्प सुबह 6 बजे (भारतीय समयानुसार) ही पीएम मोदी को फोन करना चाहते थे। गोर ने बताया कि वह मियामी में एक UFC इवेंट के दौरान ट्रम्प के साथ बैकस्टेज बैठे थे। तभी ट्रम्प ने कहा, 'चलो प्रधानमंत्री मोदी को फोन करते हैं।' जब गोर ने बताया कि भारत में उस समय सुबह के 6 बजे हैं, तो ट्रम्प ने जवाब दिया, 'वो उठे होंगे। वो मेरी तरह हैं, सोते नहीं।' हालांकि, ट्रम्प को कुछ देर बाद मंच पर जाना था, इसलिए दोनों नेताओं की बातचीत अगले दिन तय की गई।



### खन्ना बोले- टैरिफ से भरोसे की एक पीढ़ी खत्म हो गई

रो खन्ना ने ट्रम्प की टैरिफ नीति को भी गलत बताया। उन्होंने दावा किया कि हाल ही में चीन यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात एक भारतीय राजदूत से हुई। खन्ना के मुताबिक राजदूत ने उनसे कहा, 'आपके राष्ट्रपति की वजह से भरोसे की एक पूरी पीढ़ी खत्म हो गई है।'

उन्होंने कहा कि अगर ट्रम्प की नीतियों से हुए नुकसान को स्वीकार नहीं किया गया तो यह सच्चाई से मुंह मोड़ने जैसा होगा। रो खन्ना ने ट्रम्प को 'लेम डक' राष्ट्रपति बताते हुए दावा किया कि डेमोक्रेटिक पार्टी अगले मिड-टर्म चुनाव में प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करेगी और 2028 का राष्ट्रपति चुनाव भी जीतेगी। नई पीढ़ी को अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के देशों के साथ उसके रिश्ते भी दोबारा मजबूत करने होंगे।

उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट का जिक्र करते हुए कहा कि वे दुनिया के देशों के साथ मिलकर चलने में विश्वास रखते थे और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का भी समर्थन करते थे।

### अमेरिकी राजदूत बोले- भारत के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं

कार्यक्रम में भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करना चाहता है और दुनिया में भारत की बढ़ती ताकत को पूरी तरह स्वीकार करता है। गोर ने कहा, 'हम भारत के साथ एक और बड़े समझौते को पूरा करने के बहुत करीब हैं। प्रस्तावित व्यापार समझौता अंतिम चरण में पहुंच गया है।' गोर ने बताया कि कुछ हफ्ते पहले नई दिल्ली में एक भारतीय मंत्री से उनकी मुलाकात हुई थी। मंत्री ने कहा, खबरों में चाहे जो दिखे, 50 साल बाद भी भारत और अमेरिका दोस्त रहेंगे। अमेरिका दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र है और भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र।

# दिल्ली में ईवी पर रोड टैक्स-रजिस्ट्रेशन फ्री

## 30 लाख तक की गाड़ियों पर छूट

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली कैबिनेट ने सोमवार, 29 जून को नई इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। इसके तहत अब दिल्ली में 30 लाख तक की कीमत वाली इलेक्ट्रिक कारों को रोड टैक्स और रजिस्ट्रेशन फीस से पूरी तरह छूट मिलेगी।

यह फैसला राजधानी में बढ़ते वायु प्रदूषण, खासकर सर्दियों के दौरान होने वाली गंभीर समस्या से निपटने और क्लीनर ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए लिया गया है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद अब इस पॉलिसी को उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

इस नई पॉलिसी को 1 जुलाई से लागू करने की योजना है और यह 31 मार्च 2030 तक प्रभावी रहेगी।



पॉलिसी में इलेक्ट्रिक कारों के लिए टैक्स छूट के अलावा अलग-अलग कैटेगरी के वाहनों के लिए परचेज इंसेंटिव यानी सब्सिडी की भी घोषणा की गई है

खरीदारों को पहले साल 30,000, दूसरे साल 20,000 और तीसरे साल 10,000 की सब्सिडी मिलेगी। खरीदारों को पहले साल 50,000, दूसरे साल 40,000 और तीसरे साल 30,000 की सब्सिडी दी जाएगी।

**अपील :** ट्रम्प बोले कच्चा तेल सस्ता हो गया, फिर भी ग्राहकों से ज्यादा पैसे वसूले जा रहे

# पेट्रोल बेचने वाली कंपनियां तुरंत दाम घटाएं

तेल अवीव/तेहरान, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पेट्रोल बेचने वाली कंपनियों से तुरंत पेट्रोल के दाम घटाने को कहा है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि कच्चे तेल की कीमत घटकर 68 डॉलर प्रति बैरल रह गई है, लेकिन इसका फायदा ग्राहकों तक नहीं पहुंच रहा।

उन्होंने कहा कि लोग अब भी जरूरत से ज्यादा कीमत चुका रहे हैं, जबकि तेल लगातार सस्ता हो रहा है। उन्होंने कंपनियों से पेट्रोल की कीमत करीब 2.50 डॉलर प्रति गैलन तक लाने की अपील की।

ट्रम्प ने कहा कि ग्राहकों से जरूरत से ज्यादा पैसे वसूलना गैरकानूनी है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कंपनियों ने जल्द दाम नहीं घटाए तो उन्हें बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले ट्रम्प अमेरिकी न्याय विभाग को बड़ी तेल कंपनियों की जांच के आदेश भी दे चुके हैं।





> अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने के बाद तेल की कीमतों में उछाल आया था। अब कच्चे तेल की कीमतें घट गई हैं, लेकिन पेट्रोल-डीजल अब भी महंगा बिक रहा है।

### अमेरिका से अगली बातचीत में ईरान क्या चाहता है?

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के साथ ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची। ईरान और अमेरिका के बीच स्विट्जरलैंड में 22 जून को पहले दौर की बातचीत हुई थी। पाकिस्तान और ओमान इसमें मध्यस्त देश बने थे। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के साथ ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची। ईरान और अमेरिका के बीच स्विट्जरलैंड में 22 जून को पहले दौर की बातचीत हुई थी। पाकिस्तान और ओमान इसमें मध्यस्त देश बने थे।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने अमेरिका के साथ हुए समझौता ज्ञापन (MoU) का बचाव करते हुए साफ कहा कि यह फैसला किसी एक मंत्री या बातचीत करने वाली टीम ने अपने स्तर पर नहीं लिया था। यह समझौता ईरान के सुप्रील लीडर की सहमति से हुआ है।

पजशकियान ने कहा कि ईरान के कुछ राजनीतिक गुट और कट्टरपंथी नेता इस समझौते का विरोध कर रहे हैं। वे कहते हैं कि अमेरिका को ज्यादा रियायतें दे दी गई हैं।




पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के साथ ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची। ईरान और अमेरिका के बीच स्विट्जरलैंड में 22 जून को पहले दौर की बातचीत हुई थी। पाकिस्तान और ओमान इसमें मध्यस्त देश बने थे।

# दुनिया के 10 देशों में डिजिटल पेमेंट कर सकेंगे भारतीय

## ग्रीस में शुरू हुई भारत की यूपीआई सर्विस

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) अब ग्रीस में भी लाइव हो गया है। ग्रीस इस डिजिटल पेमेंट नेटवर्क से जुड़ने वाला नया देश बन गया है।

एथेंस में यूरोबैंक के हेडक्वार्टर में यूरोबैंक और NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड की पार्टनरशिप से शुरू हुई इस सर्विस का लाइव डेमो भी देखा गया।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एथेंस की अपनी ऑफिशियल विजिट के दौरान इस सर्विस के लाइव डेमो को देखा।

उन्होंने कहा कि UPI को मिल रही वैश्विक स्वीकार्यता से यह साबित होता है कि भारत की टेक्नोलॉजी पर दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है। यह तकनीक सीमाओं के पार भी बेहतरीन तरीके से काम कर सकती है। ग्रीस के इस नेटवर्क में शामिल होने के बाद अब दुनिया के 10 देशों में अलग-अलग रूपों में UPI का इस्तेमाल किया जा सकेगा। यह भारतीय यात्रियों के लिए QR-कोड आधारित मर्चेंट पेमेंट से लेकर क्रॉस-बॉर्डर रेमिटेंस सर्विसेज (पैसे ट्रांसफर करने) तक की सुविधा देता है।

ग्रीस से ठीक पहले कंबोडिया इस लिस्ट में शामिल होने वाला 9वां देश बना था। इसके लिए NPCI इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड ने वहां के ACLEDA बैंक के साथ पार्टनरशिप की थी।




**तमसा संकेत**
tamsa.newslko@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्या देवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ-226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित व प्रकाशित।

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. UPHIN/2021/83676